


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 189/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 06 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

### इंग्लैंड का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला, हर्षित-यशस्वी का डेब्यू

नागपुर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। रोहित ने टॉस के दौरान बताया कि विराट कोहली इस मैच में नहीं खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि कोहली के घुटने में चोट है, जिस कारण वह इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। यशस्वी जायसवाल व हर्षित भी इस मैच से वनडे में डेब्यू करेंगे।






## मोदी की परीक्षा पे चर्चा 10 फरवरी को: दीपिका पादुकोण समेत 12 सेलिब्रिटी भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी सुबह 11 बजे परीक्षा पे चर्चा 2025 के 8वें संस्करण में स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स से बातचीत करेंगे। इस साल ये इवेंट एक नए इंटरेक्टिव फॉर्मेट में होगा। इस बार पीएम मोदी के साथ कई सिलिब्रिटीज भी इवेंट में हिस्सा लेंगे। पूरा इवेंट 8 एपिसोड्स में बांटा जाएगा जिसमें कुल अलग-अलग फील्ड की 12 हस्तियां बच्चों के सवालों के जवाब देंगी।**

**12 सेलिब्रिटी करेंगे परीक्षा पे चर्चा**

सद्गुरु
दीपिका पादुकोण
मैरी कॉम
अवनी लेखरा
रुजुता दिवेकर
सोनाली सबरवाल
रेवंत हिमातसिंका
विक्रांत मैसी
भूमि पेडनेकर
गौरव चौधरी
राधिका गुप्ता

3.30 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन परीक्षा पे चर्चा 2025 में इस साल भारत और विदेशों से 3.30 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। PPC 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 14 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था और 14 जनवरी 2025 को बंद हुआ।

**10 जनवरी सुबह 11 बजे होगा कार्यक्रम-** कार्यक्रम 10 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में टाउन हॉल फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा। 2018 में शुरू हुआ ये इवेंट हर साल कक्षा 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव और दबाव से निपटने में मदद करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस इंटरेक्टिव इवेंट में बच्चों को प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का मौका मिलता है और चयनित सवाल कार्यक्रम में शामिल किए जाते हैं।

PPC में शामिल होने के लिए देश भर के स्कूलों में 12 से 23 जनवरी 2025 के बीच कई इवेंट्स का आयोजन किया गया। इनमें पारंपरिक स्पोर्ट्स, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, योग और ध्यान सेशन, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शनी, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएं और काउंसलिंग सेशन, कविता/गान/प्रस्तुतियां शामिल हैं।

### बागेश्वर धाम जा सकते हैं पीएम मोदी, धीरेंद्र शास्त्री ने दिया न्योता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम का दौरा कर सकते हैं। माना जा



रहा है कि बागेश्वर धाम ट्रस्ट द्वारा बनाए जा रहे कैंसर हॉस्पिटल की आधारशिला पीएम मोदी रखेंगे। इसके बाद, वह भोपाल जाएंगे और रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। हालांकि, अभी तक पीएमओ की तरफ से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि प्रधानमंत्री मोदी इस निमंत्रण पर बागेश्वर धाम जाएंगे या नहीं।

### सांध्यप्रकाश विशेष



**पुण्यतिथि पर शुभ स्मरण**

रहे न रहें हम महका करेंगे .....बनके कली बनके सबा बागे वफा में ........अपने संवेदनशील सुरीली ताजगी से भरी आवाज की मलिका भारतीय और एशिया महाद्वीप के करोड़ों लोगों के हर्दियो मे बसने वाली अद्वितीय गायिका भारत रत्न आदरणीय लता मंगेशकर जी की पुण्यतिथि पर शुभ स्मरण।

## राजनांदगांव के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री साय, गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विश्नुदेव साय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ का दौरा करेंगे, जहां वे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री साय दोपहर 12-55 बजे डोंगरगढ़ के लिए रवाना होंगे और वहां चंद्रगिरि तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह के साथ भाग लेंगे। इसके बाद दोनों नेता मां बमलेश्वरी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। दौरे के दौरान वे अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा, अमित शाह आचार्य विद्यासागर जी महाराज की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ इस दौरे का राजनीतिक महत्व भी है, क्योंकि अमित शाह और मुख्यमंत्री साय राजनांदगांव में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर एक भव्य रोड शो करेंगे। यह रोड शो आगामी चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रचार अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। दौरा समाप्त करने के बाद दोनों नेता रात 9-15 बजे रायपुर वापस लौटेंगे।

## करोड़ों के राकेट सिस्टम खरीदेगा भारत, रक्षा मंत्रालय आज करेगा अनुबंध

**नईदिल्ली।** रक्षा मंत्रालय आज पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर वेपन सिस्टम के लिए 10,200 करोड़ से अधिक मूल्य का अनुबंध करने जा रहा है।



यह अनुबंध नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के साथ किया जाएगा।

**कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की मंजूरी-** पिछले सप्ताह, कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने भारतीय सेना के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें इस गोला-बारूद की खरीद शामिल है। इनमें क्षेत्र निषेध गोला-बारूद भी शामिल होंगे। रक्षा अधिकारियों ने इस निर्णय को सेना की मारक क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### भारत हो सकता है पुतिन और ट्रंप के बीच वार्ता के लिए उपयुक्त स्थल, विशेषज्ञ ने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के अनुसंधान निदेशक फ्योडर लुक्यानोव ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि भारत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच वार्ता के लिए एक उपयुक्त स्थल हो



सकता है। लुक्यानोव ने भारत के नाम का प्रस्ताव इस आधार पर दिया क्योंकि यह देश निरपेक्ष है और संघर्ष के मामलों में किसी एक पक्ष का समर्थन नहीं करता। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक यूरोपीय स्थल जैसे हेलसिंकी और जेनेवा अब उपयुक्त नहीं हैं, क्योंकि पश्चिम अधिकांशतः यूक्रेन के पक्ष में है, जिससे इन स्थानों की तटस्थता पर सवाल उठ सकते हैं।

### राहुल द्रविड़ के दोस्त की हार्ट अटैक से मौत, जैन धर्म परंपरा निभाने गोली नहीं खाई

**इंदौर।** दवा व्यापारी अमित चेलावत उम्र 45 साल की बुधवार 5 फरवरी की सुबह बैडमिंटन खेलने के दौरान आए हार्ट अटैक में जान चली गई। अटैक आने पर साथियों ने सीपीआर देने की कोशिश की और साथ ही उन्हें सर्बिटेट गोली भी खिलानी चाहिए, लेकिन अपने धर्म की



एक परंपरा को निभाने के लिए उन्होंने इसे लेने से इंकार कर दिया। घटना अभय प्रशाल रेसकोर्स रोड पर हुई।

**इसलिए नहीं खाई दवा-** साउथ तुकोगंज निवासी अमित चेलावत हर दिन की तरह बैडमिंटन खेल रहे थे। इसी दौरान उन्हें सीने में दर्द शुरू हुआ। वह बैठ गए और फिर बेहोशी छाने लगी, इस पर साथियों ने सीपीआर दिया। उन्हें सार्बिट्रेट टेबलेट देना चाही, इस पर अमित ने यह कहकर माना कर दिया कि जैन धर्म की परंपरा के तरहत नवकारसी के अनुसार सुबह 8 बजे के पहले कुछ नहीं खा सकते हैं।



# भोपाल में बनेगा आचार्य विद्यासागर का स्मारक

### स्मृति दिवस पर सीएम का ऐलान, मेट्रो स्टेशन का नाम जैन संत पर करने की मांग

**भोपाल।** भोपाल में विधानसभा परिसर में पहली बार किसी जैन संत का स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में आचार्य विद्यासागर महाराज का स्मारक बनाया जाएगा। सीएम ने मंच पर बैठे मुनि प्रमाण सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन (पैर धोए) किया। दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा रोशनपुरा चौराहा, मालवीय नगर, बिरला मंदिर होते हुए विधानसभा पहुंची। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर आधारित 25 किताबों का विमोचन किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मेट्रो का नाम आचार्य विद्यासागर के नाम पर करने की मांग की है। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी मौजूद रहे।



**सीएम बोले- आचार्य विद्यासागर देवता के रूप में विद्यमान हो गए**

कार्यक्रम के दौरान सीएम मोहन यादव ने कहा, आचार्य विद्यासागर महाराज के भीतर जो मानव सेवा का भाव रहा है उसके चलते वो जीते जी देवता के रूप में हम सब के बीच विद्यमान हो गए। सीएम यादव ने गोमाता का जिक्र करते हुए कहा कि गोमाता के माध्यम से पूरी प्रकृति बदल सकती है। हम सबके जीवन में पूरा बदलाव आ सकता है।



**भोपाल में आचार्य जी के स्मरण के लिए बनेगा स्थान**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, महाराज जी के स्मरण के लिए भोपाल में एक अच्छा स्थान बनाएंगे। आज आचार्य श्री की पुण्यतिथि है। आज मुझे वो पुराना दृश्य आंखों के सामने दिखाई दे रहा है जब महाराज श्री यहां (विधानसभा) स्वयं पधारे थे। अलौकिक व्यक्तित्व थे। उस वक्त ऐसा लग रहा था कि देवता हमारे बीच पधारे हैं।

हमने चक्षुओं से आमतौर पर मनुष्यों को ही देखा है। देखने में कई बार हमारा दृष्टिदोष हो सकता है। लेकिन कई बार जो होता है वो अलौकिक जीवन धन्य करने वाला होता है। महाराज जी कर्नाटक के हैं, लेकिन ऐसा लगता था कि वो हमारे मध्यप्रदेश के हमारे बीच से ही हैं।

## भारतीयों के डिपोर्टेशन पर संसद में हंगामा

### विपक्ष का हथकड़ी पहनकर सदन के बाहर प्रदर्शन, विदेश मंत्री 2 बजे राज्यसभा में जवाब देंगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के पांचवें दिन अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन मुद्दे पर संसद में हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सरकार शर्म करो के नारे लगाए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आपकी चिंता के बारे में सरकार को मालूम है। ये विदेश नीति का मुद्दा है।

इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने बाहर आकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुछ




सांसद हाथों में हथकड़ी पहने नजर आए। पोस्टर भी लहराए जिसमें लिखा था- बेड़ियों में हिंदुस्तान, नहीं सहेंगे ये अपमान। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि, 100 से ज्यादा भारतीयों को अमेरिका से बाहर निकालने पर पूरा देश हैरान है। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। सरकार इस पर चुप क्यों है। भारत ने इस अमानवीय व्यवहार की निंदा क्यों नहीं की। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मुद्दे पर राज्यसभा में दोपहर 2 बजे जवाब देंगे।

### 7.8 करोड़ के सोने के सिक्के: दिल्ली एयरपोर्ट पर 10 किलो से ज्यादा सोना छिपाकर ला रहे थे यात्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो यात्रियों के पास से 7.8 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के सिक्के जब्त किए गए हैं। जिनका वजन 10 किलोग्राम से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोपी कश्मीर के रहने वाले हैं। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली के कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने 05.02.2025 को फ्लाइट एआई-138 के जरिए मिलान से आने वाले कश्मीर के दो पुरुष यात्रियों (आयु 45 और 43 वर्ष) को रोका। यात्रियों की व्यक्तिगत तलाशी में 10.092 किलोग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 7.8 करोड़ रुपये है। यात्रियों को कस्टम अधिनियम, 1962 के तहत आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया गया है।




### बांग्लादेश में फिर हिंसा: हसीना के पिता के घर तोड़फोड़-आगजनी

**ढाका।** बांग्लादेश में अवामी लीग के प्रस्तावित देशव्यापी विरोध प्रदर्शन से पहले कई शहरों में देर रात फिर हिंसा भड़क गई।



प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान बंगबंधु के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और तोड़फोड़ की।

उधर, खुलना में शेख हसीना के चचेरे भाई शेख सोहेल, शेख जेवेल के घरों को दो बुलडोजरों से ध्वस्त कर दिया गया है। इस हिंसा को लेकर शेख हसीना ने कहा कि किसी ढांचे को मिटाया जा सकता है, लेकिन इतिहास को नहीं मिटाया जा सकता।

## मप्र में कड़ाके की ठंड से राहत

### मौसम के दिखे तीन रंग, सुबह-रात में हल्की ठंड, दिन में गर्मी, कहीं बारिश भी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। रात में 18 डिग्री तो दिन में पारा 34 डिग्री के पार पहुंच गया है। फरवरी की शुरुआत के पहले 6 दिनों में प्रदेश में मौसम के तीन रंग देखने को मिल चुके हैं।



सुबह-रात में हल्की ठंड, दिन में गर्मी और उत्तरी हिस्से में हल्की बारिश हुई है। पिछले 3 दिनों में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के कुछ जिलों में आंधी और बूंदाबांदी वाला मौसम रहा है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहा। इस वजह से गर्मी का असर भी देखने को मिला। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली।

**अब पारे में गिरावट का दौर**

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। ऐसे में कुछ शहरों में रात का तापमान फिर से 10 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है। अभी पारा इससे अधिक ही है।

## महिला खेलों की सुरक्षा के लिए ट्रंप का बड़ा फैसला, ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को महिला खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस आदेश के तहत संघीय एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे लिंग की परिभाषा जन्म के समय निर्धारित सेक्स के आधार पर करें और यह सुनिश्चित करें कि संघीय वित्त पोषण प्राप्त करने वाली संस्थाएं इस नीति का पालन करें। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के 'ईस्ट रूम' में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में कहा कि इस आदेश से महिला खेलों से जुड़ा विवाद समाप्त हो जाएगा।

इस दौरान कई सांसद और पूर्व महिला एथलीट्स, जिनमें पूर्व कॉलेजिएट तैराक रिले गेन्स भी शामिल थीं, फैसले के समर्थन में मौजूद थीं। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि यह आदेश महिला खेलों की सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। समर्थकों का मानना है कि ट्रांसजेंडर एथलीट्स को जैविक महिलाओं की तुलना में शारीरिक लाभ हो सकता है, जिससे




प्रतिस्पर्धा असमान हो सकती है। वहीं, विरोधियों का तर्क है कि यह नीति भेदभावपूर्ण है और सभी ट्रांसजेंडर एथलीट्स को स्वाभाविक रूप से अतिरिक्त शारीरिक लाभ नहीं होता।

आदेश के अनुसार, संघीय वित्त पोषित स्कूलों और एथलेटिक संघों को महिलाओं के खेलों को एकल-लिंग बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई संस्था इस नियम का पालन नहीं करती, तो उसकी संघीय फंडिंग रोक दी जाएगी। ट्रंप का यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। यह फैसला लंबे समय से चल रहे कानूनी विवादों के बीच आया है, जिसमें कई अमेरिकी राज्यों ने पहले ही महिला खेलों में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून पारित किए थे।

इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने रक्षा विभाग (पेंटागन) को ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लगाने के लिए नीति संशोधित करने का भी निर्देश दिया था। इस आदेश से अमेरिका में कानूनी और राजनीतिक बहस तेज होने की संभावना है और इसके विरोध में कई मानवाधिकार संगठनों के विरोध प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित मप्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

# राष्ट्रीय सेवा योजना से मिली जीवन दृष्टि को आत्मसात करें विद्यार्थी: परमार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित निवास पर, गणतंत्र दिवस परेड -2025 कर्तव्यपथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय परेड दल में सम्मिलित मप्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सम्मानित कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंत्री परमार ने श्रद्धेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से यंग लीडर डायलॉग में संवाद कर 2047 के भारत की परिकल्पना के संदर्भ में अपनी ऊर्जामयी सहभागिता करने वाले मप्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का भी सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परमार ने सभी स्वयंसेवकों को महामहिम राज्यपाल द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र, मेडल एवं शॉल-श्रीफल से भी सम्मानित किया। राष्ट्रीय परेड से लौटे स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने मंत्री परमार को विभिन्न छायाचित्रों का अवलोकन कराया एवं शिविर के दौरान अपने अनुभवों को भी साझा किया।



उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने स्वयंसेवकों को कैंपस टू कम्युनिटी के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में नेतृत्व करने का आह्वान किया। परमार ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की विविध गतिविधियों को परीक्षाओं के मूल्यांकन में वेटेज देने के लिए क्रेडिट सिस्टम विकसित करने की कार्ययोजना बना रहे हैं, इससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए भी वेटेज मिल सकेगा। राज्य स्तर नेतृत्व शिविर के प्रशिक्षण गतिविधियों को महत्वपूर्ण मानते हुए मंत्री परमार ने कहा कि प्रशिक्षण के अन्य आयामों को प्रारम्भ करने की भी कार्ययोजना बनाएंगे।

मंत्री परमार ने गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड से लौटे स्वयंसेवक विद्यार्थियों को, अपने संस्था परिसर में सामाजिक मूल्यों का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया और अन्य युवा साथियों को भी इस तरह की गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की बात कही। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न आयामों से प्राप्त जीवन दृष्टि को विद्यार्थी अपने व्यावहारिक जीवन में आत्मसात् करें और देशभक्त नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 के भारत की संकल्पना को साकार करने में हम सभी का पुरुषार्थ और सहभागिता आवश्यक है। परमार ने कहा कि शिविर के दौरान मिले अनुभवों, अनुशासन और सीखों को दैनिक जीवनचर्या में अमल कर, अपने संस्थान परिवेश को बेहतर बनाने की ओर आगे बढ़ें। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की समाज में व्यापक विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए, मूल्य आधारित जीवनचर्या को धारण करें। शिक्षा के मंदिरों को आदर्श बनाने में, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को भूमिका सुनिश्चित हों। सभी स्वयंसेवक विद्यार्थी, अपने संस्थानों में विद्यावन अंतर्गत पौधरोपण कर युवाओं में प्रकृति संरक्षण का भाव जागृत करने का प्रयास करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक कुमार श्रुति, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ मनोज अग्निहोत्री, कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनंत कुमार सक्सेना, प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना सेन एवं युवा अधिकारी राजकुमार वर्मा उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि गणतंत्र दिवस परेड - 2025 कर्तव्यपथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय परेड दल में सम्मिलित मप्र राष्ट्रीय सेवा योजना के चार-चार स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने महामहिम राष्ट्पति को सलामी दी थीं। संस्था स्तर से विभिन्न चरणों के चयन के बाद, इन सभी स्वयंसेवकों का चयन हुआ था।

# हमीदिया कॉलेज में गंगा और पर्यावरण पर आयोजित किया व्याख्यान




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा 19 वी सदी की गंगा -बाढ़ और पर्यावरण इतिहास विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो विपुल सिंह प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में पर्यावरण का इतिहास से अंर्तसंबंध बताते हुए कहा कि 19वीं सदी में गंगा नदी और उसकी बाढ़ों का पर्यावरणीय इतिहास कई सामाजिक,आर्थिक और पारिस्थितिकी पहलुओं से जुड़ा हुआ है।गंगा नदी की बाढ़ें और पर्यावरणीय परिवर्तन एक जटिल विषय हैं, जिनका संबंध प्राकृतिक और मानवजनित कारणों से था। ब्रिटिश शासनकाल में किए गए बाढ़ नियंत्रण उपाय प्रभावी नहीं थे, बल्कि उन्होंने कई बार समस्या को और बढ़ा दिया। इन ऐतिहासिक घटनाओं से यह सीख मिलती है कि बाढ़ नियंत्रण के लिए केवल इंजीनियरिंग समाधान पर्याप्त नहीं होते, बल्कि एक समग्र पारिस्थितिकी और सामाजिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की ऊर्जावान प्राचार्य डॉ.पुष्पलता चौकसे ने की। कार्यक्रम का संयोजन इतिहास विभाग के प्रोफेसर अनिल कुमार दुबे,डॉ अजय कुमार घोष डॉ शालिनी गुप्ता, प्रोफेसर ज्योति खातरकर ने एवं द्वारा कार्यक्रम का संचालन रिसर्च स्कॉलर अंशुल पटले ने किया। कार्यक्रम के अंत में विषय विशेषज्ञ सहित सभी का आभार इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रचना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक गण एवं अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रेन्स होप गर्ल्स स्कूल में अमेरिका से आए नारी पोहानी एवं विजय केवलरामानी का स्वागत



**संत हिरदाराम नगर।** चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में सीएचआई-यूएसए संस्थान के अतिविशिष्ट अतिथि नारी पोहानी एवं विजय केवलरामानी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस विशेष अवसर पर शहीद हेमू कालानी शैक्षणिक संस्थान के सदस्य हीरो ज्ञानचंदानी, एल.सी. जनयानी, संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी और सह-सचिव के. एल. रामनानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, संस्था के अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी, विद्यालय की प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा सहित कई उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में नारी पोहानी ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की गरिमा, गौरव एवं उल्लासमय वातावरण विद्यार्थियों की उपस्थिति के बिना अधूरा है। वहीं, छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने एवं ऊँची उड़ान भरने की प्रेरणा दी। विजय केवलरामानी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। विद्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक स्वरूप पौधारोपण किया गया।

## कार्य में अनियमितता पर विद्युत वितरण कंपनी के 37 आउटसोर्स कर्मचारियों को सेवा से किया पृथक

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ., सीहोर, मुरैना तथा श?योपुर में आउटसोर्स एजेंसी से कार्यरत 37 आउटसोर्स कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 37 आउटसोर्स कार्मिक कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्य क्षेत्र के भोपाल वृत्त में कार्यरत 7 आउटसोर्स कार्मिकों के साथ ही भोपाल ग्रामीण में 3, नर्मदापुरम में 3, रायसेन में 6, राजगढ में 2, सीहोर में 8, विदिशा में 3, मुरैना में 2, श?योपुर में 1 तथा शिवपुरी वृत?त में कार्यरत 02 आउटसोर्स कार्मिकों को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की

तैयारियां...





भोपाल। राजधानी में आयोजित ग्लोबल समिट को लेकर शहर की सड़कों को चमकाने के साथ ही सड़क किनारों की दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी कराई जा रही है।

# बाबा रामदेव के प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम



**भोपाल।** कलयुग अवतारी श्री बाबा रामदेव के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर गणेश चौक कपड़ा मार्केट टीला रामपुरा में रामदेव उत्सव एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आज देव आवाहन स्थापना,ग्रह मंडल पूजन, आहुति हवन विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्र चारों के बीच हुआ, समिति के मुरली डाबी, पवन चौहान, देवेंद्र चौहान,राजकुमार सांखला और भगवान दास ढालिया ने बताया इस आयोजन में आज बाबा रामदेव जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण करवाया जाएगा और 7 फरवरी को भी विभिन्न कार्यक्रम कर श्री बाबा रामदेव की जयपुर से आई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी तत्पश्चात नगर भंडारा होगा समिति के पृथ्वीराज चौहान,महेंद्र पवार, सुनील सोनगरा, हुकुमचंद चौहान, अशोक खींची,कन्हैया लाल डाबी,सोनू चौहान,सोनू पवार,महेश डाबी, सुनील चौहान, सचिन पवार,रितिक पवार ,राम डाबी आदि ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है

## सेवा सदन की भारती जनियानी अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में अवार्ड से सम्मानित होंगी



**संत हिरदाराम नगर।** अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में कार्यरत अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सी आईएपीबी इंटरनेशनल अवार्ड फॉर प्रिवेंशन आफ ब्लाइंडनेस के यंग सिस्टम लीडर अवार्ड-2025 हेतु सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर भारती जनियानी का चयन हुआ है। वैश्विक स्तर पर इस अवार्ड के लिये भारत से दो सिस्टम थिंकर्स चुने गये हैं। इनमें से एक सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की भारती जनियानी हैं, जबकि अन्य आठ चिन्हित यंग सिस्टम लीडर्स क्रमश: बोट्सवाना, इथोपिया, लेबनान, पाकिस्तान, इज़राईल, सिंगापुर और एक अज्ञात देश से चयनित किए गए हैं। ये सिस्टम थिंकर्स काठमाण्डू नेपाल में आईएपीबी के 2030 इन साईट लाईफ कार्यक्रम में इस क्षेत्र के वैश्विक प्रतिनिधियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। चयनित सिस्टम थिंकर्स को आगामी मई माह में काठमाण्डू, नेपाल में सम्मानित किया जायेगा। इसके पहले चयनित सिस्टम थिंकर्स को काठमाण्डू में 29 अप्रेल से 1 मई तक आईएपीबी के 2030 इनसाईट कार्यक्रम के अन्तर्गत अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में अपने नवाचारों, परिचर्चाओं और वैश्विक लीडर्स के साथ विचार विमर्श करेंगे ताकि उनके विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जा सके। आईएपीबी की अध्यक्ष कैरोलीन केसी ने सिस्टम थिंकर्स को नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम को वैश्विक स्तर पर नया स्वरूप देने के लिये अपनाये जाने वाले नवाचारों को जानने के लिये आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने की सलाह दी है।

## एलएन आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**भोपाल।** विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी के अवसर पर, प्रसूतितंत्र एवं स्त्रीरोग विभाग डॉ. वृषाली दोडके, डॉ. मीनाक्षी बघेल ,डॉ. चित्रा पटेल, डॉ. निशिगंधा कुबडे ने कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए ज्ञान और सावधानियों को फैलाने के लिए कैंसर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया। छात्रों और महिला डाक्टर्स ने रोकथाम, प्रारंभिक पहचान, कैंसर के खिलाफ लड़ाई पर चर्चा की, जीवन बचाने में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। सफाई कर्मचारियों को महिलाओं में कैंसर के बारे में जानकारी दी गई और जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए डॉ. सपन जैन प्रधानाचार्य, डॉ. विशाल शिवहरे निर्देशक, डॉ. वर्षा वंजारी उप प्राचार्य का मार्गदर्शन बहुमूल्य रहा। एल एन आयुर्वेदिक अस्पताल में महावारी के समय का दर्द, महिना खत्म होने के बाद की दिक्कत, सफेद पानी की दिक्कत, मासिक धर्म की दिक्कत , स्तन गाँठ आदि रोगों का इलाज किया जाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश लगातार विकास की राह पर अग्रसर: सबनानी

### साधु वासवानी कालेज में स्व. अजीत डेटानी स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता



**संत हिरदाराम नगर ।** साधु वासवानी कालेज में स्व. अजीत डेटानी की स्मृति में अन्तर महाविद्यासलयीन वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को पुरूस्कार बांटे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने की। जबकि समाज सेवी हरीश ज्ञानचंदानी विशेष अतिथि थे। साधु वासवानी एज्यूकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी एवं महासचिवव राजेन्द्र मनवानी के अलावा खेल सचिव इन्दर आडवाणी, कोषाध्यक्ष दिनेश वाधवानी, सांस्कृतिक सचिव मुस्कान डेटानी, प्राचार्य डा. अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि अगर देश या प्रदेश को नेतृत्व सही मिले तो प्रदेश व देश लगातार तरक्की कर सकता है और यही हमने मध्यप्रदेश एवं देश के बारे में देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कृशल नेतृत्व में देश लगातार विकास की राह पर अग्रसर हो रहा है और वह जल्द ही तीसरी एवं चौथी आर्थिक महाशक्ति बनने के मार्ग पर चल पढ़ा है। इसी तरह मध्यप्रदेश भी डा. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने साधु वासवानी कालेज की लगातार प्रगति का श्रेय पदाधिकारियों को दिया। इस अवसर पर साधु वासवानी एज्यूकेशनल सोसायटी के महासचिव राजेन्द्र मनवानी ने कहा कि खेलों से व्यक्तित्व विकास के साथ लक्ष्य भी हासिल होता है। उन्होंने कहा कालेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ब्रम्हलीन स्वामी हिरदाराम जी ने इस कालेज की नीव रखी और इसे पूर्व महासचिव स्व. मूलचंद मनवानी ने अपने कठिन परिश्रम से सींचा यही कारण है कि आज कालेज की निगती प्रदेश के अव्वल दर्जे के कालेजों में होती है। तीन दिवसीय इस अंतरमहाविद्यलयीन वालीबाल प्रतियोगिता में अंतिम मुकाबिला एमपी पुलिस भोपाल एवं जवाहरलाल नेहरू कालेज के बीच हुआ जिसमें जवाहरलाल नेहरू कालेज ने मैच जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि एमपी पुलिस उप विजैता टीम रही। विजैता टीम को 11 हजार रूपए का नकद पुरूस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर आडीटर हेमंत आसवानी, भाजपा नेता प्रवसीण प्रेमचंदानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रो. विजय सिंह बने स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के नए कुलगुरु



**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के नए कुलगुरु के रूप में प्रो. (डॉ.) विजय सिंह की नियुक्ति की गई है। प्रो. (डॉ.) विजय सिंह प्रबंधन, शिक्षा, और प्रशासन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं, जो विश्वविद्यालय में अपने व्यापक अनुभव और अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेंगे। प्रो. (डॉ.) विजय सिंह ने प्रबंधन में पीएचडी, एमबीए, और अंग्रेजी साहित्य में एमए किया है। वह एक कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट शिक्षाविद, और प्रेरणादायक टीम लीडर के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार और प्रोफेसर के रूप में 2011 से अपनी सेवाएं दी हैं। इसके पहले उन्होंने डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर में प्रोफेसर के रूप में अपनी भूमिका निभाई। प्रो. विजय सिंह ने विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभालते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समेत अन्य नियामक संस्थाओं से संबंधित गतिविधियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय को NAAC ग्रेड एवं छह वर्षों तक लगातार NIRF रैंकिंग प्राप्त हुई।

# तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति का हो प्रचार-प्रसार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मानस भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने का सुझाव दिया और संबंधितों को इस पर अमल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिष्ठान से रामायण, तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने युवाओं और विद्वानों को जोड़ने के लिए चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के कार्याध्यक्ष श्री रघुनंदन शर्मा, संयोजक श्री राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेश पचौरी एवं श्री कैलाश जोशी, समिति सदस्य एवं कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिष्ठान की आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को इस पहल से जोड़ा जाए, जिससे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों से भी रामायण और तुलसी साहित्य को अधिक लोगों तक पहुंचाये। उन्होंने आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने और इनसे जनसामान्य को जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सुझावों पर बैठक में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। कार्याध्यक्ष श्री शर्मा ने मानस भवन के सामने न रोड का चौड़ीकरण किये जाने और मानस भवन, हिंदी भवन और गांधी भवन के बीच अवैध निर्माण हटवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलेक्टर भोपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिति को अवगत कराया कि सरकार प्रदेश में शराबबंदी पर गंभीरता से विचार कर रही है। गीता के ज्ञान और हमारी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में %गीता भवन% बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. ने बताया कि हमारी सरकार पुण्यभूमि हरिद्वार जैसे प्रबंध अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी कराने की ओर अग्रसर है। साधु-संतों, अखाड़ों और धर्मशालाओं को उज्जैन के सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थायी प्रकृति के निर्माण कार्यों की अनुमति दी गई है। इससे स्थायी आश्रम, मठ, धर्मशालाएं, सत्संग स्थल बनाये जा सकेंगे। कलेक्टर ने समिति को अवगत कराया कि भोपाल में भी स्मार्ट सिटी रोड पर टीटी नगर के पास करीब एक एकड़ भूमि में गीता भवन बनाया जायेगा। समिति सदस्यों ने प्रतिष्ठान के विकास संबंधी विभिन्न विषयों/कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों/सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान की मासिक मुख पत्रिका तुलसी मानस भारती'' का विमोचन भी किया।



**भोपाल। अशोका गार्डन परिहार चौराहा पर कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने सुप्रसिद्ध समाज सेवी स्व. राजेश्वर सिंह परिहार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान महापौर मालती राय भी मौजूद रही।**

## राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस सिवनी में एक से 4 मार्च तक



**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया हैकि विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जायेगी। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 25 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने बताया है कि कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थनीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आयीं चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

# मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञापन लेने किसानों के बीच पहुंचे उप मुख्यमंत्री देवड़ा



भोपाल। सस्ती बिजली, खाद और पानी, मांग रही है आज किसान और हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते के नारों का उद्घोष करते प्रदेश के हजारों किसान राजधानी भोपाल पंहुचे और अपनी मांगों व समस्याओं का ज्ञापन प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। किसानों की समस्याओं व मांगों को धैर्यपूर्वक सुनकर किसानों को संबोधित करते हुये उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेष के मुख्यमंत्री मोहन यादव किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को वल्लभ आने की आवष्यकता नहीं है, वल्लभ भवन को चलाने वाली सरकार ही किसानों के बीच जायेगी। प्रदेश भर से आये किसानों की समस्याओं का थैला मंच पर ही ज्ञापन के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। जिस पर उन्होंने कार्यवाही करने की बात कही। भारतीय किसान संघ के अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन घेराव कार्यक्रम में किसान संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस वासोतिया, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने भी संबोधित किया। इस के साथ ही प्रांत महामंत्री शिवनंदन रघुवंषी, पवन शर्मा, प्रांत प्रचार प्रमुख राहुल धूत, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, नमोनारायण दीक्षित, कैलाश ठाकुर, जगराम यादव सहित प्रांत भर से आये किसान मौजूद रहे।

किसानों की प्रमुख मांगे: फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, ऑनलाइन रिकॉर्ड व नक्शा सुधारा जाए। हॉर्स पावर क्षमता वृद्धि वापिस ली जाये, जले ट्रांसफार्मर व लाइनें समय सीमा में बदली जाए। डीएपी, यूरिया खाद सहकारिता के माध्यम से नगद वितरण समय पर किया जाए। सभी मंडियों में फ्लेट कांटो से तुलाई अनिवार्य की जाए। मंडी परिसर में ही भुगतान हो। नकली दूध बनाने वालो पर सख्त कार्रवाई हो, गौ अभयारण्य खोले जाएं। प्रस्तावित व स्वीकृत नहरों के कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। सभी फसलों को एमएसपी से नीचे नहीं खरीदा जाए।

किसानों के झूठे प्रकरण वापिस हों। पूसा बासमती धान को जीआई टैग दिलाया जाए। धान 3100 रुपए व गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाए।

## कृषकों के भुगतान को आसान बनाने के लिये ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण एवं समस्याओं के निराकरण के लिये प्रतिबद्ध है। किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिये प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों द्वारा इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिये गेट पास बनाये जा रहे हैं। रिकॉर्ड संधारण में इस प्रणाली से बहुत लाभ हुआ है।

ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।

# मुख्य अभियंताओं के 7 दलों ने प्रदेश के सभी 7 परिक्षेत्रों में एक साथ किया औचक निरीक्षण

**लोक निर्माण मंत्री ने दिए थे निर्देश**

### निरीक्षण के लिए निर्माण कार्यों का चयन रेंडम आधार पर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से किया गया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर 5 फरवरी को लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं के दलों ने औचक निरीक्षण किया। इन औचक निरीक्षणों की खास बात यह रही कि दो दिन पहले तक किसी को यह नहीं पता था कि कौन सा निरीक्षण दल किस जिले में किन निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने वाला है। औचक निरीक्षण के लिये सात जिलों का चयन रेंडम आधार पर किया गया, जिसमें भोपाल परिक्षेत्र से भोपाल, ग्वालियर परिक्षेत्र से ग्वालियर, जबलपुर परिक्षेत्र से कटनी, इंदौर परिक्षेत्र से धार, रीवा परिक्षेत्र से शहडोल, उज्जैन परिक्षेत्र से रतलाम एवं सागर परिक्षेत्र से पन्ना जिला शामिल था।

सभी सात जिलों में 5-5 निर्माण कार्यों को औचक निरीक्षण हेतु सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित किया गया, जिनमें से तीन कार्य निर्माणाधीन स्तर पर थे एवं दो कार्य परफॉर्मेंस गारंटी वाले थे। इन 5 निर्माण कार्यों में से एक कार्य भवन निर्माण का था। मंत्री सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन औचक निरीक्षणों के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस सॉफ्टवेयर से सबसे पहले रेंडम आधार पर मुख्य अभियंताओं के दल निर्मित किए गए और रेंडम आधार पर इन्हें एक-एक जिले का आवंटन किया गया। यह कार्यवाही दो दिन पहले की गई जिससे मुख्य अभियंताओं के दल अपनी यात्रा एवं परिवहन की तैयारी कर सकें। औचक निरीक्षण के एक दिन पहले इन दलों को रेंडम आधार पर चयनित पांच-पांच निर्माण कार्यों की सूची प्रदान की गई। सड़क निर्माण कार्यों में सामग्री के नमूने लेने के लिए रेंडम चैनेज भी सॉफ्टवेयर से ही जनरेट की गई। प्रदेश के सात जिलो में चयनित 35 कार्यो में से 21 कार्य पी.डब्ल्यू.डी. सड़क एवं पुल के थे, 06 कार्य भवन निर्माण के थे, 6 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 01 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम एवं 01 कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग का शामिल किया गया।

मंत्री सिंह के निर्देशानुसार सभी निरीक्षण दलों को उसी दिन अपनी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सीधे सॉफ्टवेयर पर अपलोड करनी है। इन रिपोर्ट्स की समीक्षा दूसरे दिन यानी 6 फरवरी 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लिए गए सैंपल्स की लैब रिपोर्ट भी 3 दिन के अंदर प्राप्त कर सीधे सॉफ्टवेयर पर ही अपलोड की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की जियो टैग्ड फोटो लेकर इन्हें भी सॉफ्टवेयर पर रिपोर्ट के साथ अपलोड करना अनिवार्य था जिससे निर्माण की गुणवत्ता और निरीक्षण कार्यवाही को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत किया जा सके।

लोक निर्माण विभाग में इस तरह की कार्रवाई पहली बार हुई है। मंत्री सिंह के निर्देशानुसार इस तरह के औचक निरीक्षण हर महीने की पांच और 20 तारीख को किया जाना है। निरीक्षण हेतु दलों का, जिलों का, निर्माण कार्यों का और सामग्री के सैंपल लेने हेतु स्थानो का चयन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडम आधार पर किया जाएगा। भोपाल जिले में एमपीआरडीसी से महाप्रबंधक पवन अरोडा और जबलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भवन आर.के. अहिरवार के दल ने गांधी चिकित्सालय परिसर में नर्सिंग कॉलेज छात्रावास भवन, भोपाल देवास चार लेन मार्ग, बरखेडी कुशलपुरा मार्ग, समसपुर से खारी मार्ग और अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एप्रोच मार्ग का निरीक्षण किया।

अन्य जिलों में निरीक्षण किये गये महत्वपूर्ण निर्माण कार्य इस प्रकार है। कटनी में ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य। कटनी मेंहटा-पटैरा-कुम्हारी-रैपुरा-सुलैया-बहोरीबद-सिहोरा मार्ग। ग्वालियर में शासकीय महाविद्यालय चीनौर का भवन निर्माण। ग्वालियर में पटेल का पुरा गुरी बंजारों का पुरा। धार में उषापुरा-सिंकदरी-मोहमदपुरा-रोले-कालासुरा-मेटमा रोड़। धार सुंदरई से रामपुरा रोड़ निर्माण। शहडोल में उमरिया शहडोल मार्ग। शहडोल में जनकपुर से दर्गापुर मार्ग। रतलाम में हाई स्कूल भवन कसारी का निर्माण। रतलाम में जाबरा-पिपलोदा रोड़ से पंचेवा सुखेड़ा रोड़। पन्ना से पवई मोहन्द्रा रोड़, पन्ना में पवई बायपास शामिल है।

# कर्मचारियों के वित्तीय अधिकार, पेंशन और सेवा नियमों में होगा बदलाव, प्रारुप तैयार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य सरकार सरकारी विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की पेंशन, अवकाश नियमों और वित्तीय अधिकारों में परिवर्तन करने जा रही है। इसके लिए प्रारंभिक प्रारुप तैयार हो गया है। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी सामान्य प्रशासन विभाग और वित्त विभाग के सचिव, संचालक पेंशन और रेरा के वित्तीय सलाहकार के साथ चर्चा कर इन्हें अंतिम रुप देंगे। पेंशन,अवकाश और वित्तीय अधिकार पुस्तिका भाग एक के नियमों का पुर्नलेखन और इन्हें अद्यतन किया जा रहा है। इसके लिए एक समिति का गठन वित्त विभाग ने किया है। जो बदलाव और परिवर्तन किया जाना है उसका प्रारंभिक प्रारुप तैयार होकर वित्त विभाग के पास आ गया है। अब वित्त विभाग के प्रमुख सचिव समिति द्वारा प्रारुपित नियमों पर प्रारंभिक विचार विमर्श सात फरवरी को करने वाले है। दोपहर तीन बजे उन्होंने वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव, संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा तथा भू संपदा विनियामक प्राधिकरण के वित्तीय सलाहकार मिलिंद वाईकर को इस प्रारुप पर चर्चा करने के लिए बुलाया है। बैठक में वित्त विभाग के उपसचिव पीके श्रीवास्तव, परामर्शी वित्त अजय चौबे, आरके जैन और एमके बातव परामर्शी सेवा एवं वित्तीय नियमों के पुर्नलेखन दल के सदस्य भी शामिल होंगे।

## अंतर्विभागीय समन्वय एवं जागरूकता से फ़ाईलेरिया को करें जड़ से ख़त्म :उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति और कार्य योजना की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग अंतर्विभागीय समन्वय और जागरूकता से फायलेरिया को जड़ से ख़त्म करने के लिये अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग मैदानी अमलों से 10 फ़रवरी से प्रारंभ हो रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन जमीनी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करें साथ ही अभियान में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, वन, नगरीय निकाय और आवास, स्कूल शिक्षा और केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक में वर्तमान में प्रदेश में लिम्फेटिक फायलेरियासिस बीमारी की स्थिति, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन चक्र-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये एक्शन प्लान और फायलेरिया उन्मूलन गतिविधियों के संचालन के लिये अन्य विभागों से अपेक्षाएं एवं सहयोग के विषयों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर से प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि एमडीए अभियान में वितरित दवाओं का अवश्य सेवन करें। फायलेरिया के उन्मूलन में सहयोग करें।

# अब मप्र के सभी नगरीय निकायों में ई नगरपालिका 2 होगा लागू, 2 दर्जन सेवाएं ऑनलाईन मिलेंगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

**शहर में कहीं होर्डिंग लगाने का लाइसेंस लेना हो तो वह भी ऑनलाईन मिल जाएगा**

मध्यप्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग ई नगर पालिका 2.9 लागू करने जा रहा है। इसके जरिए सोलह मॉडयूल और 24 सेवाएं नागरिकों को आनलाइन मिल सकेगी इनके लिए अब लोगों को नगर निगम, नगर पालिका के दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ये सेवाएं जल्द ही लोगों को उपलब्ध हो जाएंगी ।यह सारी सुविधाएं वेब पोर्टल पर भी मिल जाएगी। मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए भी यह सब हो सकेगा ।यूपीआई से सारे भुगतान भी ऑनलाईन हो जाएंगे ।पीओएस मशीन और व्हाट्सएप के माध्यम से भी अब निकायों के सभी प्रकार के भुगतान हो सकेंगे।

नगर निगम का प्रापर्टी टैक्स, जल के शुल्क, मटेरियल मैनेजमेंट, व्यापार लाइसेंस, फायनेंस, एचआर और पेरोल, प्रोजेक्ट सिस्टम , रेंटल प्रापर्टी, डोर टू डोर एसडब्ल्यूएम, फ़लैट मैनेजमेंट, कोर्ट केस मैनेजमेंट, सम्पत्ति प्रबंधन, डाक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम, बजट मैनेजमेंट, ट्रेनिंग मैनेजमेंट और विविध काउंटर मॉडयूल इसके तहत शुरु किए जाएंगे। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को विवाह,जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र अब ऑनलाईन प्रदाय किए जाएंगे। शहरों में नगरीय निकायों के ऑडिटोरियम, पब्लिक एम्यूजमेंट प्लेस औ सार्वजनिक बगीचों के उपयोग की अनुमति भी ऑनलाईन मिल जाएगी ।सीवरेज का नया कनेक्शन अब ई नगर पालिका पोर्टल पर मिल जाएगा। पाइपलाईन, केबल बिछाने के लिए रोड कटिंग की सुविधा भी ऑनलाईन उपलब्ध हो जाएगी। नई एसडब्ल्यूएम आईडी के लिए आवेदन अब ऑनलाईन हो सकेगा। फायर एनओसी प्रमाणपत्र भी नागरिकों को ऑनलाईन मिल जाएगा। घर में पानी के टेंकर ऑनलाईन बुलवाए जा सकेंगे।



सेप्टिक टैंक और सीवरेज सफाई के लिए आवेदन ऑनलाईन कर यह सुविधा प्राप्त की जा सकेगी। अग्निशमन सेवाएं भी ऑनलाईन मिल जाएंगी। मोबाइल टॉयलेट कहीं रखवाना है तो नगरीय निकाय यह सुविधा भी ऑनलाईन पोर्टल पर ही प्रदान कर देगा। अंतिम संस्कार के लिए वाहन भी ऑनलाईन मिल जाएगा।

घर से कचरा उठवाना हो या घरों का मलबा उठवाना हो तो यह सुविधा भी ऑनलाईन मिल जाएगी। प्रापर्टी टैक्स और जलकर का भुगतान करना हो तो वह भी घर बैठे बैठे ऑनलाईन हो जाएगा। शहर में कहीं होर्डिंग लगाने का लाइसेंस लेना हो तो वह भी ऑनलाईन मिल जाएगा। प्रापर्टी म्यूटेशन, शहर में फिल्मों की शूटिंग करने की अनुमति भी ऑनलाईन मिल जाएगी ।पेड़ों की कटाई और उनके एक जगह से दूसरी जगह स्थापित करना हो तो इसकी अनुमति भी ऑनलाईन मिल जाएगी। आपने नगरीय निकाय में कोई आवेदन किया है तो उसका क्या स्टेटस है और भुगतान की क्या स्थिति है यह भी ऑनलाईन पता चल जाएगा ।आवेदन पर दी जाने वाली सेवाओं का स्टेटस भी ऑनलाईन पता चल जाएगा। आम नागरिक शिकायत भी ऑनलाईन कर सकेगा और उस पर क्या कार्यवाही की गई यह भी ऑनलाईन पता चल जाएगा। वेब और मोबाइल एप आधारित ई नगर पालिका दो में रियल टाईम कर की गणना की जा सकेगी। कॉल सेंटर की सुविधा भी मिल जाएगी। सारे डिजिटल भुगतान हो जाएंगे। ई नगर पालिका दो में जीआईएस एकीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जाएगा। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाईन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई नगर पालिका 2.0 का एकीकरण किया जाएगा। ई नगर पालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा। ई नगर पालिका 2.0 पोर्टल के विकास के लिए निविदा प्रकिया पूरी हो गई है। नवीन फर्म मेसर्स एसआरआईटी इंडिया को वर्कऑर्डर दिया जा चुका है। इसपोर्टल के विकास के लिए दो वर्ष और पांच वर्ष का ओएंड एम वेंडर द्वारा किया जाएगा।

# बेहतर दिल्ली के लिए हो गया मतदान



कौशल किशोर चतुर्वेदी

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सही ही कहा है कि आज का वोट काम के लिए,आज का वोट अच्छाई के लिए और आज का वोट एक बेहतर दिल्ली के लिए। दिल्ली के मतदाताओं ने मुख्यमंत्री की बात का अक्षरशः पालन किया है। फैसला 8 फरवरी को सामने आ जाएगा। तब तक एग्जिट पोल्स राजनैतिक दलों का मन बहलाते रहेंगे। डबल इंजन की सरकार बनेगी, तो एग्जिट पोल्स की किस्मत चमक जाएगी। आप की सरकार बनी, तब भी आप को जिताने वाले एग्जिट पोल्स का दबदबा कायम होगा। और परिणाम जो भी हो, पर फैसला आने तक तो 'आप' के हौसले बुलंद हैं। आप ने ट्वीट कर कहा ही है कि 'हमने यह दिल्ली का चौथा चुनाव लड़ा है। 2013 और 2015 के एग्जिट पोल ने हमें हराया था। 2020 में भी हमारी सीट कम दिखाई गई थी और 2025 के एग्जिट पोल में भी हमारी सीट कम दिखाई जा रही हैं। एक बड़े बहुमत से आप की सरकार बनने वाली है और ये सभी एग्जिट पोल गलत साबित होंगे।' यही कहा जा सकता है कि 'आप' भी अभी शांत रहिए क्योंकि दो दिन बाद पता चलना ही है कि कौन सही है और कौन गलत है। बेहतर दिल्ली के लिए मतदान हो गया है तो परिणाम सब कुछ सामने लाकर ही रहेगा। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी या आम आदमी पार्टी की, यह सवाल अब बस दो दिन का ही है।

लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के तौर पर ताकत झोंकने वाले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दिल्ली विधानसभा में अलग-अलग लड़े। हालांकि, इसके बाद भी एग्जिट पोल में दोनों पार्टियां मिलकर बहुमत से दूर नजर आ रही हैं। वहीं, अधिकांश एग्जिट पोल्स दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनाने का अनुमान जता रहे हैं। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में बहुमत के लिए 36 सीटें चाहिए। चाणक्य स्ट्रेटेजी ने कमल की स्ट्रेटेजी को सही बताया है तो आप की स्ट्रेटेजी पर झाड़ू लगा दी है। जेवीसी, पी मार्क, पीपुल्स इनसाइट, डीवी रिसर्च डबल इंजन की सरकार बना रहे हैं, वहीं मैट्रीज ने टक्कर के चक्कर की बात कही है। खैर किसने क्या कहा, यह बात बस दो दिन तक मायने रखती है और तीसरे दिन सब सामने आने वाला है। तो कांग्रेस ने समझदारी भरा ट्वीट किया है कि 'दिल्ली के मतदाता परिपक्व और समझदार हैं, वे ऐसा मतदान करेंगे, जिससे उनकी समस्याएं खत्म हो जाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।' तो दिल्ली के मतदाता कांग्रेस की नजर में समझदार बने रहेंगे या नहीं, यह दो दिन बाद पता चल जाएगा। हरियाणा के एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत का अनुमान था लेकिन सरकार बीजेपी की बनी थी, वहीं झारखंड के एग्ज़िट पोल में बीजेपी की जीत का अनुमान था जबकि सरकार सत्तारुढ़ जेएमएम के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने बनाई थी। तो दिल्ली में गठबंधन चल नहीं पाया, पर मतदाता किसको सत्ता से बांध चुका है यह बात सामने आने में बस दो दिन का वक्त बाकी है।

सट्टा बाजार की तरह कोई भी कभी भी यू-टर्न ले सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर फलौदी सट्टा बाजार ने यूटर्न लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के लिए सीटों की संख्या बढ़ा दी है। पहले बताया गया था कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में जीत की हैट्रिक लगा सकती है, लेकिन अब उसने आंकड़े बदल दिए हैं. फलौदी सट्टा बाजार का अनुमान है कि 27 साल बाद दिल्ली की कमान भाजपा के हाथों में आ सकती है। तो भाजपा का राम से करीब दोगुना हो चुका वनवास खत्म होता है या आप का राजयोग जारी रहता है यह जल्दी ही पता चल जाएगा क्योंकि दिल्ली बेहतर दिल्ली के लिए मतदान कर चुकी है.

# जैन मुनि आचार्य विद्यासागर: 22 वर्ष की आयु में दीक्षा, संयम और तपस्या की अद्भुत कहानी





आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन के बारे में कई और पहलुएं हैं, जो उनके महान कार्यों और योगदान को और भी विस्तार से दर्शाती हैं। वे न केवल एक महान धार्मिक गुरु थे, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी थे। यहां उनके कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं, जो आचार्य विद्यासागर के जीवन से जुड़ी हुई हैं...

## आचार्य विद्यासागर का जीवन परिचय

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक राज्य के बेलगांव जिले के चिक्कोड़ी गांव में हुआ था। उनका जन्म शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था, जिसे जैन समाज के लिए विशेष महत्व है। उनकी उम्र जब केवल 26 साल थी, तब उन्होंने आचार्य की दीक्षा ली और जैन धर्म के श्रेष्ठ संत के रूप में अपनी पहचान बनाई। 22 नवंबर 1972 को उन्होंने आचार्य की पदवी प्राप्त की, जो उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था।

## धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रेरणा

आचार्य विद्यासागर का धर्म की ओर झुकाव तब हुआ जब वे केवल 9 साल के थे। उस समय उन्होंने धर्म और अहिंसा के प्रति अपने आकर्षण को महसूस किया और इसके बाद पूरी तरह से इस मार्ग को अपनाया। उनकी शिक्षा की शुरुआत 9वीं कक्षा तक हुई थी, और उन्होंने अपनी जीवन यात्रा के दौरान जैन धर्म के सिद्धांतों को न केवल खुद अपनाया, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित किया।

## आचार्य की दीक्षा यात्रा

आचार्य विद्यासागर ने 1968 में केवल 22 साल की उम्र में आचार्य ज्ञानसागर से दीक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने 'दिगंबर साधु' के रूप में अपनी साधना शुरू की और चार साल बाद उन्हें 'आचार्य' का पद प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों को और भी गहराई से समझा और उसे फैलाया। वे जीवनभर जैन धर्म के अनुशासन, तपस्या और अहिंसा के प्रबल समर्थक रहे।

आचार्य विद्यासागर को 11 फरवरी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में 'ब्रह्मांड के देवता' के रूप में सम्मानित किया गया। उनका यह सम्मान उनकी महान कार्यशैली और धर्म के प्रति योगदान का प्रतीक था। इसके अलावा, आचार्य विद्यासागर कई भाषाओं के ज्ञाता थे। उन्हें अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, बांग्ला और कन्नड़ भाषाओं का गहन ज्ञान था और उन्होंने कन्नड़ में ही अपनी शिक्षा प्राप्त की थी।

## समाज में उनके योगदान और जीवनशैली

आचार्य विद्यासागर ने मांस निर्यात के विरोध में एक जन जागरण अभियान भी चलाया, जो आज भी जारी है। उन्होंने जीवन के आखिरी क्षण तक शक्कर, नमक, मिर्च, मसाले और अंग्रेजी दवाइयों का त्याग किया और साधारण जीवन जीने का संदेश दिया। उनका जीवन सादगी और तपस्या का प्रतीक था और वे जीवन के अंधेरे को दूर करके मोक्ष की दिशा में प्रेरित करते थे।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कसंगत सोच

आचार्य विद्यासागर को धर्म के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कसंगत सोच में भी गहरी रुचि थी। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों को न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी प्रस्तुत किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि धर्म और विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों का उद्देश्य मानवता की भलाई है।

## विद्यासागर महाराज की समाधि

श्री विद्यासागर जी ने 17 फरवरी 2024 की रात 2-35 बजे छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थ में अपनी समाधि ली। इससे पहले आचार्य श्री ने आचार्य पद का त्याग करते हुए तीन दिन का उपवास और मौन व्रत अपनाया था। यह उनकी जीवनभर की तपस्या और आंतरिक शांति का परिणाम था।

तीन दिन के कठोर उपवास और मौन के बाद आचार्य श्री ने शरीर का त्याग किया, जो उनके त्याग, तपस्या और आत्मिक शांति की ओर एक अंतिम कदम था। उनके निधन से जैन समाज और समस्त मानवता ने एक महान संत को खो दिया है, जिनका जीवन सत्य, अहिंसा और करुणा का प्रतीक था। उनका योगदान जैन धर्म और समग्र मानवता के लिए अमूल्य रहेगा।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अमृत औषधि है गंगा पानी



डॉ तेज प्रकाश पूर्णानन्द व्यास

**एक चिकित्सकीय दृष्टिकोण से, जब इस तरह की एक वृहद जनसंख्या एक ही स्थल के जल से स्नान करती है, तो जलजनित रोगों की संभावना - जैसे कि हैजा, टाइफाइड, पेचिश और हेपेटाइटिस - बहुत अधिक होना चाहिए। हालांकि, गंगा नदी का नैसर्गिक जल इस प्रकार की महामारी को शून्य कर देता है। अन्य जल स्रोतों के विपरीत, जो समान परिस्थितियों में रोगजनकों के लिए प्रजनन आधार बन जाते हैं, गंगा संदूषण के लिए एक अंतर्निहित प्रतिरोध प्रदर्शित करता है। यह गंगा नदी की नैसर्गिक निर्मलता असंख्य धर्मावलंबियों के सुस्वास्थ्य को अभिवृद्ध ही करता है।**



भारत में एक पवित्र और दिव्य इकाई के रूप में प्रतिष्ठित गंगा नदी, न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि गहन वैज्ञानिक जिज्ञासा का विषय भी है। प्रयागराज महाकुंभ के भव्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान, जहां 35 करोड़ (350 मिलियन) से अधिक भक्त नदी में पवित्र डुबकियां लगा चुके हैं - विशेष रूप से गंगा, यमुना के संगम पर, और विलुप्त पौराणिक सरस्वती नदी मिलन स्थल पर - महामारी के प्रकोप के एक भी उदाहरण प्राप्त नहीं हुए हैं। यह उल्लेखनीय शुभ घटना पारंपरिक चिकित्सा समझ को धता बताती है और आधुनिक विज्ञान के सबसे महान रहस्यों में से एक रोमांचकरी बनी हुई है।

यह लेख गंगा पानी के असाधारण गुणों की गहन वैज्ञानिक परीक्षण प्रस्तुत करता है, जो अपने आत्म-शुद्ध और जीवाणुरोधी प्रकृति पर प्रकाश डालता है।

1 बड़े पैमाने पर करोड़ों धर्म यात्रियों के स्नान के बावजूद यहां महामारी क्यों नहीं होती है ?

एक चिकित्सकीय दृष्टिकोण से, जब इस तरह की एक वृहद जनसंख्या एक ही स्थल के जल से स्नान करती है, तो जलजनित रोगों की संभावना - जैसे कि हैजा, टाइफाइड, पेचिश और हेपेटाइटिस - बहुत अधिक होना चाहिए। हालांकि, गंगा नदी का नैसर्गिक जल इस प्रकार की महामारी को शून्य कर देता है। अन्य जल स्रोतों के विपरीत, जो समान परिस्थितियों में रोगजनकों के लिए प्रजनन आधार बन जाते हैं, गंगा संदूषण के लिए एक अंतर्निहित प्रतिरोध प्रदर्शित करता है। यह गंगा नदी की नैसर्गिक निर्मलता असंख्य धर्मावलंबियों के सुस्वास्थ्य को अभिवृद्ध ही करता है।

वैज्ञानिकों ने लंबे समय से इस अद्वितीय आत्म-शुद्धिकरण घटना के पीछे रहस्य को उजागर भी किया है।

2 केईएम अस्पताल, मुंबई द्वारा वैज्ञानिक अध्ययन

गंगा पानी पर सबसे पेचीदा अध्ययनों में से ताज़े एक अध्ययन को 2025 में आयोजित किया गया है। केईएम अस्पताल, मुंबई में एक प्रसिद्ध छाती रोग विशेषज्ञ एस आर कामथ द्वारा 2025 प्रयागराज महाकुंभ मेले में किया गया वैज्ञानिक परीक्षण है।

डॉ कामथ और उनकी टीम ने पांच अलग -अलग स्थानों से पानी के नमूने एकत्र किए:-

1 रिवरबैंक से
2 नदी के अंदर कुछ मीटर पर
3 वह क्षेत्र जहां अधिकांश तीर्थयात्रियों ने स्नान किया
4 गंगा का मध्य भाग
5 संगम का संगम बिंदु

इन नमूनों को केईएम हॉस्पिटल की प्रयोगशाला और हाफकिन इंस्टीट्यूट, मुंबई में बैक्टीरियोलॉजिकल और वायरोलॉजिकल परीक्षण के लिए भेजा गया , जो माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक रोगों के प्रमुख अनुसंधान केंद्र हैं।

3 चौंकाने वाला वैज्ञानिक निष्कर्ष

अध्ययन के परिणाम मौजूदा सूक्ष्मजीवविज्ञानी सिद्धांतों को आश्चर्यजनक और चुनौती प्रदाता रहे हैं:-

किसी भी नमूने में कोई हानिकारक बैक्टीरिया नहीं पाया गया।

रोगजनक रोगाणुओं की उपस्थिति पूरी तरह से अनुपस्थित थी।

इसके बजाय, पानी में बैक्टीरियोफेज की असामान्य रूप से उच्च सांद्रता की उपस्थिति की खोज की गई।

बैक्टीरियोफेज क्या हैं ?

बैक्टीरियोफेज वायरस हैं जो विशेष रूप से हानिकारक बैक्टीरिया को लक्षित और नष्ट करते हैं। बैक्टीरिया के ये प्राकृतिक शिकारी रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं के प्रसार को रोककर गंगा पानी की शुद्धता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैक्टीरियोफेज की सूक्ष्म छवि गंगा पानी में हानिकारक बैक्टीरिया पर सक्रिय रूप से हमला कर उन्हें नष्ट करने वाले बैक्टीरियोफेज का चित्रण।

यह खोज महत्वपूर्ण क्यों है ?

गंगा के पानी में बैक्टीरियोफेज की बहुतायतता एक प्राकृतिक कीटाणुनाशक के रूप में कार्य करती है, यह सुनिश्चित करती है कि नदी अपनी नैसर्गिकता को अवस्थित रखते हुए बड़े पैमाने पर मानव की असीम गतिविधियों के उपरान्त भी साफ रहती है। यह अद्वितीय स्व-सफाई क्षमता दुनिया की किसी भी अन्य नदी में नहीं मिलती है।

इस प्रकार, नदी में करोड़ों करोड़ मानवों के स्नान करने के बाद भी, गंगा पानी अपनी पवित्रता को बरकरार रखता है और संक्रामक रोगों के प्रसार को नैसर्गिकता के साथ रोकता है।

4 गंगा पानी के अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ

अपने रोग-निवारक गुणों से परे, गंगा पानी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ रखता है, जिनमें से कई आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान में समान रूप से मान्यता प्राप्त हैं:-

1 प्रतिरक्षा को बढ़ाता है

गंगा के पानी में प्राकृतिक खनिजों और लाभकारी सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है, जिससे यह समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक फायदेमंद हो जाता है।

2 पाचन स्वास्थ्य का समर्थन करता है

गंगा जल सहायता पाचन में पाए जाने वाले प्राकृतिक एंजाइम और एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम को बढ़ावा देते हैं।

3 त्वचा विकारों का इलाज करता है

गंगा के पानी में स्नान करने से विभिन्न त्वचा की स्थितियों को कम करना भी सिद्ध है, जिसमें चकत्ते, संक्रमण और एलर्जी शामिल हैं।

4 मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है

पवित्र नदी में स्नान करना शांति की गहरी भावना को प्रेरित करने, तनाव को कम करने और आध्यात्मिक शुद्धि की भावना प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

5 निष्कर्ष:-क्या गंगा का जल एक वैज्ञानिक आश्चर्य है ?

गंगा पानी की पवित्रता और औषधीय गुण केवल धार्मिक विश्वास नहीं हैं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षणों द्वारा दृढ़ता से समर्थित श्रेष्ठतम औषधीय जल भी है।



बैक्टीरियोफेज की उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि नदी दुनिया में किसी भी अन्य जल निकाय के विपरीत, स्वाभाविक रूप से शुद्ध बनी हुई है।

कोई अन्य नदी इस तरह की असाधारण आत्म-सफाई क्षमता को प्रदर्शित नहीं करती है।

सदियों के वैज्ञानिक अनुसंधान के बावजूद, गंगा के पानी का रहस्य अनसुलझा रहता है, आगे भी इसकी अनूठी और अलौकिक प्राकृतिक स्थिति को मजबूत करता है।

तथ्य यह है कि कोई भी महामारी कभी भी गंगा के पानी से उत्पन्न नहीं हुई है, यहां तक ??कि पृथ्वी पर वर्तमान के महाकुंभ आयोजन में सबसे वृहद मानव समारोहों के दौरान भी, इसके अद्वितीय जैविक और रासायनिक गुणों के लिए एक अद्भुत वसीयतनामा प्रदर्शित करती है।

गंगा सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत नहीं है; यह एक वैश्विक वैज्ञानिक चमत्कार है, जो प्रकृति के सबसे आकर्षक आत्म-शुद्धिकरण तंत्र की एक जीवित प्रयोगशाला है, और दुनिया में कहीं भी बेजोड़ शाश्वत शुद्धता का प्रतीक है।

महा कुंभ 2025 में गंगा स्नान (मौनी अमावस्या, प्रयागराज )

पवित्र डुबकी लेने के असंख्य लोगों का एक लुभावनी दृश्य, गंगा के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक आश्चर्य का प्रदर्शन करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइट: dainiksandhyaprakash.in

# अंतराष्ट्रीय शास्त्रीय ध्रुपद गायक मलिक बंधु का आयोजन 6 एवं 7 को गर्ल्स कॉलेज ग्रीन प्वाइंट एवं जीनियस प्लैनेट स्कूल में



**सांध्य प्रकाश, इटारसी**//स्पीक मैके अध्याय इटारसी द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र छात्राओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत के ध्रुपद गायन से परिचय करने के उद्देश्य हेतु अंतराष्ट्रीय ध्रुपद गायक प्रशांत ,निशांत मलिक बंधु की 6 एवं 7 फरवरी को दो दिवसीय प्रस्तुति होगी।

उपरोक्त जानकारी देते हुए स्पीक मैके अध्याय इटारसी के समन्वयक सुनील बाजपेई एवं अध्यक्ष हेमंत शुक्ला ने बताया कि 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे ग्रीन प्वाइंट मॉन्टेसरी स्कूल होशंगाबाद हाइवे, खेड़ा,12.30 बजे गवर्मेंट गर्ल्स कॉलेज एवं 7फरवरी को प्रातः 10जीनियस प्लैनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्रुपद गायन की प्रस्तुति होगी। आयोजन में बच्चों के पालकों को भी संस्था प्रमुख द्वारा आमंत्रित किया गया है ताकि उन्हें भी इस भारतीय शास्त्रीय संगीत का ज्ञान हो सके।कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील संस्था के उपाध्यक्ष द्वय सुधीर गोठी,जम्मूसिंग उप्पल,सचिव रितेश शर्मा,दिनेश थापक पत्रकार ,नीरज चौहान,मोहम्मद जाफर सिद्दीकी, अथर खान, सज्जन लोहिया, ,भारत भूषण ( मिंटू गांधी ), संस्था प्राचार्य , , श्री ईश कुमार कौशिक, श्री आर एस मेहरा प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,श्रीमती मनिता सिद्दीकी ने की है।

# राज्य,राष्ट्रीय, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने बाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह सम्पन्न



**दमोह।** विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में विभिन्न प्रतियोगिताओं,मेलो,प्रदर्शनियों ,प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन,क्रीड़ा प्रतिस्पर्धाओं,विज्ञान मेलों में विद्यालय के विद्यार्थियों जिन्होंने राज्य स्तर,राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल की है। ऐसे सभी प्रतिभागियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न मॉडलों और वर्किंग प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहायक संचालक श्री एन सिंह, आलोक सोनवलकर, प्रशांत जैन सर एवं विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी । 25 प्रतिभागी विद्यार्थियों को विद्यालय का मोमेंटो , पांच शिक्षकों सहित अन्य प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं की सक्रियता के कारण सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में सरदार पटेल स्कूल के चार विद्यार्थियों सहित बहादुर सिंह सर ने सम्मान समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज की । सी एम राइज प्राचार्य आर पी कुर्मी ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाए दी कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक,पत्रकार बंधु,प्रधानाध्यापक सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संजय खरे और सीमा डिम्हा मैडम द्वारा किया गया एवं आभार मुकेश विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त किया गया

# विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** बुधवार को नगर परिषद औबेदुल्लागंज में लक्ष्मी सोनू चौकसे अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोनाली शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ओबैदुल्लागंज का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा सोनाली शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे समीक्षा विक्रम यादव, प्रमोद सेन, शंकर लाल, सना अमीर ममनून, सुनील सेरिया, विक्रम यादव, आमिर मामून, राजेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, भूपेंद्र मेहरा, राजेश सैनी, कमलेश नरवरिया कर्मचारी अधिकारी मुकेश जैन उपयंत्री, दीक्षा पटेल, राकेश माहेश्वरी, महेश मीणा, चंद्रभान जैन, प्रमोद तिवारी ,रजनीश दुबे, आशीष यादव, प्रियंका झरिया, कीर्तिराम कुशवाहा,बालकिशन, दीपक मैथिल, मोतीलाल परमार, , शुभम श्रीवास्तव, खुशाल सिंह ठाकुर, पवन निरापुरे, प्रमोद कुमार पांडे, संतराम यादव, दरोगा सरसवाल समस्त सफाई शाखा एवं कार्यालय की समस्त कर्मचारियों विशेष रूप से उपस्थित रहे

## छतरपुर सिविल लाईन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे की बड़ी कार्यवाही

# लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले डायरेक्टर सहित 2 ठग गिरफ्तार

**छतरपुर ।** थाना सिविल लाइन में महिला फरियादिया निवासी पठापुर रोड थाना कोतवाली के साथ एक कंपनी के डायरेक्टर व सदस्य द्वारा धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान संबंधित स्थान में जाकर दस्तावेज एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए। एकत्रित साक्ष्य के अनुसार पाया गया कि कथित कंपनी इस्कॉन माइक्रो फाइनेंस कंपनी जिसका कार्यालय छतरपुर नगर के सागर रोड में स्थित है डायरेक्टर एवं कंपनी के सदस्य द्वारा कंपनी की योजना पंपलेट के माध्यम से प्रसारित की गई थी। महिलाओं के समूह को एक प्रतिशत ब्याज की दर से लोन प्रदाय करने की कथित योजना, महिलाओं के समूह से रसीद काटना और बाद में धोखाधड़ी करना। यह अन्य महिलाओं एवं समूह के साथ भी करना पाया गया। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि उनके टारगेट में छतरपुर नगर एवं देहात से जुड़ी घरेलू महिलाएं व समूह धोखाधड़ी करने हेतु टारगेट में थी, लाखों रुपए संपत्ति हड़पकर भगाने के प्रयास में थे। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा आरोपियों की इस योजना को निष्क्रिय किया गया।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले कथित कंपनी इस्कॉन माइक्रो फाइनेंस कंपनी के 2 ठगों

1. डायरेक्टर विजय कुमार सोनोने पिता लक्ष्मण राव निवासी छत्तीसगढ़ कॉलोनी भोपाल
2. सदस्य जयप्रकाश पाटीदार पिता हीरालाल पाटीदार निवासी गौतमपुरा कॉलोनी उज्जैन को अभिरक्षा में लिया।

उक्त ठगों के पास से 151000 रुपये नगद राशि धोखाधड़ी में प्रयुक्त पंपलेट रसीद कट्टा खाली एवं भरे हुए फॉर्म, आई डी, कंप्यूटर सिस्टम, 3 मोबाइल फोन एवं रजिस्टर कुल कीमत करीब 3 लाख रुपये बरामद किए गए। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक शिशिर तिवारी, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, हरि शरण यादव, आरक्षक धर्मेंद्र, मनीष, पुष्पेंद्र एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# परमार्थ के लिए प्रतीक्षा न करें , हर पल एक अवसर है : विनम्र सागर

## पूर्व नपाध्यक्ष ने मुनि संघ का किया चरणाभिषेक




आष्टा। जीवन है पानी की बूंद कब मिट जाए रे , होनी अनहोनी कब घट जाए रे .....

अध्यात्म जगत में अत्यन्त लोकप्रिय तथा जीवन की नश्वरता को उजागर करते इस भजन सहित 8 हजार से भी अधिक छंदों के रचयिता , श्रमण संस्कृति के उन्नायक तथा कठोर तपोबल से आत्म धर्म को साधते आचार्य गुरुवर विनम्र सागर जी महाराज का आज नगर में ससंघ मंगल प्रवेश हुआ ।

पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने नगर के प्रवेश द्वार किलेरामा स्थित अपने आवास पर परिवार सहित आचार्य संघ का चरणाभिषेक कर उनकी अगवानी की । उनके साथ दिगम्बर जैन समाज के पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र श्रीमोढ समाज सेवी सुनील प्रगति , धर्मेंद्र श्रद्धा , संजय बाबूजी , राजेश जैन , संजय जैन , पारस जैन ,सचिन श्रीमोढ , राजेन्द्र जैन ने भी श्रीफल भेंट कर मुनि श्री से आशीर्वाद लिया ।जैन समाज के पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र श्रीमोढ ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार की संत निष्ठा और उनके सार्वजनिक जीवन का उल्लेख करते हुए आचार्य श्री से पूरे परमार परिवार का परिचय कराया । आचार्य विनम्र सागर जी ने कहा कि आपका पुण्य प्रबल है जो सम्पूर्ण जैन समाज आपके द्वार तक आया है । परमार परिवार ने आचार्य संघ का आभार व्यक्त करते हुए सभी जैन श्रावकों का अभिनन्दन किया । इस अवसर पर आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज ने कहा कि नियम बद्धता और अनुशासन का पालन एक दूसरे से जु? हुए हैं । तर्क वितर्क से परे हो कर कठोर तप हमे आत्मानुशासित बनाए रखता है । शिथिलता मौलिक धर्म को नष्ट कर देती है । जैनत्व में आहार विहार और निहार चर्या के नियम लौकिक जीवन मे भले ही थो? कठोर दिखें लेकिन यही नियम आत्म कल्याण के लिए साधना में सहायक सिद्ध होते हैं ।

# ध्वनि प्रदूषण को लेकर जबलपुर नाका चौकी में बैठक संपन्न चौकी प्रभारी ने मेरे डीजे मैरिज गार्डन संचालकों को दिए निर्देश



**दमोह।** डीजे मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक लेकर कुछ निर्देशों के पालन करने हेतु सहमति दी गई थी लेकिन उनके व्दारा निर्देशो का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण आज दिनांक को श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर चौकी प्रभारी जबलपुर नाका द्वारा क्षेत्र के डीजे/विवाह घर संचालकों की बैठक ले कर नियमों के पालन हेतु पुनः निर्देशित किया गया।

– जो समय सीमा निर्धारित की गई है उससे ज्यादा समय तक डीजे का उपयोग किया ना किया जावे एवं निर्धारित/अनुमतित डेसिबल में ही डीजे बजाए जाएं।

– दमोह जबलपुर हाई वे पर स्थित कई विवाह घरों के बाहर पार्किंग व्यवस्था नहीं है जिस कारण रोड पर यातायात बाधित होता है जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना रहती है। अतः गार्डन मे जो भी पार्किंग स्थल है वहां वाहन पार्क कराने की व्यवस्था करें।

– ध्वनि यंत्रो का उपयोग रात भर किया जा रहा है जिसके कारण आस पास रहने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ध्वनि यंत्र पूरी तरह रात के 10 बजे से सुबह 06 बजे तक प्रतिबंध है। जिसका पालन अनिवार्य रुप से करें ।

– गार्डन में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराएं जिससे उनकी सही जानकारी प्राप्त हो सके। कर्मचारियों के आधार कार्ड एवं फोटो भी संकलित करें।

– गार्डन में यथा आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं।

– गार्डन में आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु समुचित यंत्र रखें।

– गार्डन में व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक सुरक्षा गार्ड रखें।

## सज रहा है लक्ष्मी बाई उद्यान

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण , निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए



**गंजबासौदा दैनिक सांध्य प्रकाश ।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित अन्य पार्षदों ने राजेंद्र नगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई उद्यान, सावरकर चौक पर बन रहे जन सुविधा केंद्र एवं सावरकर चौक से मां कर्मा देवी चौराहे तक के बायपास का निरीक्षण कर नपा कर्मियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभी ने राजेंद्र नगर पार्क में कई प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।

अब नगर को जल्दी ही एक ऐसा पार्क मिल जायेगा जहां नगरवासी अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिता सकेंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद द्वारा राजेंद्र नगर के वीरान हो चुके पार्क को सजाया और संवारा जा रहा है। यहां पैदल चलने वालों के लिए पेपर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं. पौधों में पानी के लिए ड्रिप सिस्टम लगा दिया गया है। पार्क के बीचों बीच फाउंटेन के अलावा दीवाल पर चित्रकला करवाई जा रही है। उद्यान के एक हिस्से में पंचतत्व संस्था के सहयोग से नगर पालिका द्वारा औषधीय पौधों का भी रोपण करेगी। इन औषधीय पौधों में हर्र, बहेडा,आंवला, नीम,लौंग,बेल ,आंवला, खैर,कटहल, जामुन,पीपल अर्जुन,अमलताश, आदि पौधों को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा।

जाम से बचने के लिए सावरकर चौक से मां कर्मा देवी चौराहा तक बायपास मार्ग का निर्माण किया गया है. बाईपास के किनारे बने नाले के ऊपर रेलिंग भी लगाई गई है नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने इसी बाईपास के प्रारंभ में एक जन सुविधा केंद्र भी बनाए जाने के निर्देश नपा कर्मचारियों को दिए थे। जिसके बाद इसका कार्य भी प्रगति पर है। नपाध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव के साथ पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत पार्षद अंशलेखा भावसार, नारायण सोनी, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी उद्यान शाखा प्रभारी नवल कुशवाहा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# मंडला की शान बिटिया रामा परते ने 800 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

**मंडला।**किसान गोल्डन गर्ल रामा परते ने 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता,बता दें कि पांचवीं नेशनल ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप केरल त्रिशूल में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न राज्यों की खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा मध्यप्रदेश टीम से मंडला जिले के शान की बिटिया ग्राम सकरी विकासखंड मोहगांव की रहने वाली रामा परते, महाराजपुर से जमुना उइके गोला फेंक में सिल्वर मेडल हासिल की,करुणा मर्सकोले ने गोला फेंक में सिल्वर मेडल हासिल की,सुषमा मरावी,संजूलता सिंगौर मंडला जिले के इन खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया।इनकी शानदार प्रदर्शन पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके,सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते,निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े,बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा,पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले,खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र ठाकुर,अरविंद पटले ब्लॉक कोऑर्डिनेटर,शशांक मिश्रा,पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे,गंगाराम मरावी, रामनाथ धुर्वे,उमेश नंदा,पुरुषोत्तम नेताम,शिव कुमार मरावी,नारायण प्रसाद भवेदी,टिर्रु लाल परते,ग्राम पंचायत कौआडोंगरी सरपंच हरदयाल,भैया लाल वरकड़े,अशोक वरकडे,दीपचंद परते,रामभजन परते, नंदू परते,समाजसेवी हीरा सिंह उइके,सीताराम उइके, मदन मरावी,कमलेश परते,रवि परते,मनोज परते, मिश्रीलाल भवेदी,बसंत बैरागी,यशवंत बैरागी, सेवकराम वरकड़े, विजय मरावी,राजेश वरकड़े सहित क्षेत्र के समस्त शुभचिंतकों,खेल प्रेमियों ने ऑल इंडिया नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप खिलाड़ी रामा परते को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये गये हैं।

# रायसेन आबकारी और पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही



**औबेदुल्लागंज ( संवाददाता )**- बुधवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन मैं वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर सुदीप तोमर के निर्देशन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन ,बेगमगंज, बरेली व्रत ,चिकलोद पुलिस थाना की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा गौहरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम सोन्थर सोसाइटी,पड़ाव,कामतोंन कसिया, बिनेका बोरपनी, चिकलोद कला पर दबिश दी गयी जिसमे 12 प्रकरण दर्ज हुए 6 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 110 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई एवं लगभग 2800 द्यद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 302000रुपये है,कार्यवाही मैं आबकारी उपनिरीक्षक गौरव भद्रसेन , विवेक सक्सेना , रविंद्र अहिरवार शामिल रहे , कार्यवाही से शराब का अवैध व्यवसाय करने वालो मैं हड़कंप है पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं सोन्थर सोसाइटी कामतोंन कसिया सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, सिन्धी केम्प, अर्जुन नगर ,मंडीदीप नया पुरा, दिवटीया जैसे कच्ची शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, खरगोन जिला खरगोन मध्यप्रदेश

दूरभाष (कोड-07282) फोन नं. 232883 फेक्स-231333. Emall: cmokhargone@mpurban.gov.in

क्रमांक / 1827 / मेला/2025 खरगोन, दिनांकः-04.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा अनुभवी समस्त इवेन्ट मेनेजमेंट व्यवसायियों / प्रदायक को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवग्रह मेला आयोजन दिनांक 25 दिसम्बर 2024 से 15 फरवरी 2024 तक की अवधि के लिए आयोजन किया जा रहा है। श्री नवग्रह मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संलग्न सूची अनुसार का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए कलाकारों को लाना/भोजन/ ठहराना आदि व्यवस्था के साथ कार्यक्रम आयोजित कराने के कार्य के लिए लम्पसम्प दर आनलाईन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यवसायी / प्रदायक निम्नांकित कार्य की दरे आनलाईन उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| टेंडर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि ( रू. लाख में ) | अमानत राशि | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_400726_1 | कलगी तुर्रा पार्टी नाईट शो कलारा- ( श्री चंपालाल जी एवं शिवराम जी ) कवि सम्मेलन | 6.00 लाख | 6000 | 01 दिवस | 2000/- |

नोटः- उक्त वेबसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( टेंडरडाक्यूमेंट ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की तिथि 04/02/2025 से 10/02/2025 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

**(छाया जोशी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद खरगोन**

**(मंशाराम निंगवाल)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खरगोन**


# अमेरिका के अवैध प्रवासियों की हुई वतन वापसी ,सात लाख 25 हजार अवैध भारतीय प्रवासी

अमेरिका का सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इस विमान से 104 अवैध भारतीय प्रवासी स्वदेश आए।अमेरिका में डंकी रूट के जरिए एंट्री करने के दो रास्ते अहम हैं. पहला- कनाडा बॉर्डर. दूसरा- मेक्सिको बॉर्डर.

डंकी रूट के जरिए भारत से अमेरिका तक पहुंच पहुंचाने का सारा काम अवैध और गैरकानूनी होता है. इस तरीके से अमेरिका पहुंचने में दिन नहीं, बल्कि कई हफ्ते या महीने लग जाते हैं.

अमेरिका का सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इस विमान से 104 अवैध भारतीय प्रवासी स्वदेश आए। इनमें 30 पंजाब से, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से तथा दो चंडीगढ़ से हैं। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालकर उनके देश भेजा जा रहा है। अमेरिका में करीब 18 हजार अवैध भारतीय प्रवासियों की पहचान हुई है जिन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इन अवैध अप्रवासियों को लेकर कई सवाल हैं। जैसे कि अमेरिका में इनकी संख्या कितनी है। आखिर बिना वैध दस्तावेजों और प्रक्रिया के ये अमेरिका कैसे पहुंच जाते हैं, इन्हें सीमा पार कौन कराता है, वहां जाकर ये करते क्या हैं और कहां ठहरते हैं? आखिर ये अवैध तरीके से वहां जाते क्यों हैं? ऐसे तमाम प्रश्न हैं जो लोगों को परेशान करते हैं।

प्यू रिसर्च की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका में सात



लाख 25 हजार अवैध भारतीय प्रवासी हैं

रिपोर्टों की मानें तो अवैध तरीके से अमेरिका में भारतीयों के दाखिल होने का सिलसिला आज का नहीं है, यह दशकों पुराना है। हां, शुरुआत में यह संख्या कम जरूर थी, लेकिन बीते दशकों में इसमें काफी तेजी आ गई। प्यू रिसर्च की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका में सात लाख 25 हजार अवैध भारतीय प्रवासी हैं जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं है। हालांकि, यह संख्या अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों की तुलना में काफी कम है। अमेरिका में जितने अवैध प्रवासी अभी हैं, उसमें अवैध भारतीयों की संख्या केवल तीन प्रतिशत है। इसी अवैध भारतीय प्रवासियों पर यूएस डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सेक्युरिटी का डाटा कहता है कि 2022 तक अमेरिका में करीब दो लाख बीस हजार अवैध भारतीय रहते थे। विभाग का कहना है कि ये अवैध भारतीय अमेरिका के अलग-अलग शहरों फ्लोरिडा, टेक्सास, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क, जॉर्जिया, मैरीलैंड और नॉर्थ कैरोलिना में रहते हैं और इन शहरों के गैस स्टेशनों, ग्रॉसरी स्टोर, मोटेल्स और रेस्टोरेंट में काम करते हैं।


## कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)

Muncipal Conocil Pipariya Distt-Narmadapuram

पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू मे. तिलक वार्ड, पिपरिया फोन नं. 07576-222041 पिन-461775 EMail- emopipariya@mpurban.gov.in

क्रं./नपापि./2025/816 पिपरिया दिनांक 05.02.2025

**इश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 के तहत नगर पालिका स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण के लिये निम्न आवेदन प्राप्त हुये है।

| क्र. | दाखिल नाम | खारिज नाम | दुकान/प्लाट नं. | नामांतरण आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री साकेत अग्रवाल/ श्री भगवानदास अग्रवाल | श्री राजीव दुबे / श्री कैलाश नारायण दुबे | तिलक वार्ड प्लाट क्र. 03 | साझेदारी समाप्ति अभिलेख |
| 2. | श्री प्रबल साहू/श्री भगवानदास साहू | श्री भगवानदास साहू/ श्री लालचंद्र साहू | दी.द.शॉपिंग कॉम्प. दुकान क्र. 10 | परिवारिक व्यवस्था |
| 3. | श्री यशवर्धन सुरजन/ स्व.श्री कृष्ण सुरजन | श्री राधेन्द्र वर्मा / श्री प्रेमसिंह वर्मा | तिलक वार्ड प्लाट क्र. 07 | साझेदारी समाप्ति अभिलेख |
| 4. | श्री योगेश कुमार दुबे / स्व.श्री विजय कुमार दुबे | श्री नजरू खान / श्री जुम्मन खान | सब्जीमंडी कॉम्प. दुकान क्र. 15 | साझेदारी समाप्ति अभिलेख |
| 5. | श्री प्रवीण कुमार जायसवाल / स्व.श्री श्यामलाल जायसवाल | स्व. श्री श्यामलाल जायसवाल / स्व.श्री जगन्नाथ जायसवाल | दी.द.शॉपिंग कॉम्प. भूतल दुकान क्र. 08 | परिवारिक व्यवस्था |
| 6. | श्री प्रवीण कुमार जायसवाल / स्व.श्री श्यामलाल जायसवाल | स्व.श्री श्यामलाल जायसवाल / स्व.श्री जगन्नाथ जायसवाल | दी. द. शॉपिंग कॉम्प. भूतल दुकान क्र. 09 | परिवारिक व्यवस्था |
| 7. | श्री प्रवीण कुमार जायसवाल / स्व.श्री श्यामलाल जायसवाल | स्व. श्री श्यामलाल जायसवाल / स्व.श्री जगन्नाथ जायसवाल | दी.द.शॉपिंग कॉम्प. प्रथमतल दुकान क्र. 11 | परिवारिक व्यवस्था |

उपरोक्त नामांतरण में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नामांतरण किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

## बिरला कॉर्पोरेशन ने दिसंबर तिमाही में बिक्री में 7 फीसदी बढ़ोतरी के साथ बेहतर प्रदर्शन किया

**कोलकाता, एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ने वर्ष के अंत में बाजार की स्थितियों में सुधार के साथ ही दिसंबर तिमाही में वॉल्यूम के हिसाब से साल-दर-साल 7 फीसदी की बिक्री वृद्धि दर्ज करने में मदद की। इसके साथ ही कंपनी ने आने वाली तिमाहियों में बेहतर ग्रोथ के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किया है। बीती तिमाही के लिए कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा 263 करोड़ रुपये रहा, जो 36 फीसदी की क्रमिक ग्रोथ दर्शाता है। कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन का नेतृत्व चंदेरिया यूनिट ने किया, जिसे उत्तरी भारत में मांग और कीमतों में अधिक ग्रोथ का लाभ मिला। मध्य भारत के मुख्य बाजारों में, कंपनी ने बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपनी प्रीमियम पोजीशन बनाए रखी है। कंपनी की सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के मुकुटबन प्लांट ने लगभग 20 फीसदी की क्रमिक मात्रा वृद्धि दर्ज की और खुद को सबसे कुशल सीमेंट प्लांट्स में से एक के रूप में स्थापित किया। यह अब कंपनी के संपूर्ण प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

## बीकेसी में सैमसंग के स्टोर ने नए गैलेक्सी एस25 सीरीज स्मार्टफोन की 700 से अधिक डिलीवरी के साथ रिकॉर्ड बनाया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में सैमसंग के प्रमुख स्टोर ने नए गैलेक्सी एस25 सीरीज की सफलता का जश्न मनाया। कंपनी ने स्मा र्टफोन की जल्दे डिलीवरी शुरू करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया और 700 से अधिक ग्राहकों को यह फोन सौंपे गए। यह रिकॉर्ड डिलीवरी बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन सीरीज के प्री-ऑर्डर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हुई है। इस मौके पर सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के एमएक्स डिवीजन के कॉर्पोरेट ईवीपी/डिवीजन प्रमुख सून चोई स्टोर पर उपस्थित थे और उन्होंने खुद कुछ ग्राहकों को गैलेक्सी एस25 डिवाइसेस सौंपे, जिन्होंने इसके लिए प्री-ऑर्डर किया था।इस भव्य कार्यक्रम में स्टोर की पहली सालगिरह भी मनाई गई, जो विशेष रूप से तैयार किये गये अनुभवों और असल जिंदगी की कहानियों के माध्यम से सैमसंग के शीर्ष प्रीमियम प्रॉडक्ट्स को प्रदर्शित करने के लिए जाना जाता है।

## केआरएन हीट एक्सचेंजर एन्ड रेफ्रिजरेशन ने क्यू3 एफवाय25 में 74 प्रतिशत की कंसोलिडेटेड रेवेन्यू और मुनाफे में वृद्धि दर्ज की

**नीमराना, (राजस्थान)।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एन्ड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड , जो एल्युमिनियम / कॉपर फिन्स, कॉपर ट्यूब हीट एक्सचेंजर, वॉटर कॉइल्स, और कंडेंसर और इवापरेटर कॉइल्स के निर्माण और निर्यात में अग्रणी है, ने क्यू3 और 9रू एफवाय25 के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। केआरएन हीट एक्सचेंजर एन्ड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संतोष कुमार ने कहा, हम क्यू3 एफवाय25 में प्रदर्शित असाधारण प्रदर्शन से अत्यधिक प्रसन्न हैं, जो हमारे रणनीतिक पहलों, संसाधन अनुकूलन और गुणवत्ता के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता की ताकत को दर्शाता है।भविष्य में, हम अपनी क्षमताओं को विस्तारित करने और अपनी विकास यात्रा को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित रखते हैं। ऊर्जा-प्रभावी और कस्टमाइज्ड हीट एक्सचेंजर समाधानों की मांग में निरंतर वृद्धि हमें एचवीएसी एंड आर उद्योग में आगे की सफलता के लिए अच्छे स्थान पर रखती है। केआरएन एचवीएसी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में ?235.76 करोड़ की राइट्स इश्यू के जरिए हमारी हालिया इन्वेस्टमेंट से हमारी क्षमता को बढ़ावा मिलेगा, जो हमें बाजार में अपनी नेतृत्व स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा। हम अपने निर्माण प्रक्रियाओं को सुधारने को प्राथमिकता देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हुए अपने ग्राहकों को विश्वसनीय और टिकाऊ उत्पाद प्रदान करें। जैसे-जैसे हम आने वाले तिमाहियों में आगे बढ़ेंगे, हम विश्वास रखते हैं कि गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि पर हमारी रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने से हमें निरंतर सफलता प्राप्त होगी।

## शेरा एनर्जी की तेज़ी से बढ़त जारी, रेवेन्यू में 53.7 प्रतिशत की छलांग

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड जो अलौह धातुओं से बने वाइंडिंग वायर और स्ट्रिप्स की प्रमुख निर्माता है, ने 9 महीने की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए शेरा एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नसीम शेख, , ने कहा, हम एफवाय25 के पहले नौ महीनों में 53.7 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि की रिपोर्ट करने के लिए प्रसन्न हैं, जो हमारे मजबूत संचालन निष्पादन और स्ट्रैटेजिक पहलों को दर्शाता है। यह प्रभावशाली वृद्धि 15 प्रतिशत की उत्पादन क्षमता में वृद्धि और अनुकूल बाजार मांग के कारण संभव हो पाई है। प्रबंधन इस गति को बनाए रखने के प्रति आशावादी है, और क्षमता विस्तार, लगातार मांग और नए ग्राहक अधिग्रहण को कंपनी के दीर्घकालिक मूल्य निर्माण के लिए प्रमुख विकास प्रेरक के रूप में देखा जा रहा है।

ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के बीच भारत की रणनीति

# अमेरिका दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी, द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच सीमित व्यापार समझौते को फिर से शुरू करने की संभावनाएं खुली हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत इस वार्ता के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिका भी इसी रुचि के साथ आगे बढ़े।



मोदी के दौरे से पहले वाणिज्य, उद्योग और विदेश मामलों के मंत्रालय सहित कई सरकारी विभागों के अधिकारी व्यापार से जुड़े प्रस्तावों पर गहन चर्चा कर रहे हैं। इन बैठकों का उद्देश्य भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाना और द्विपक्षीय व्यापार सहयोग को गहरा करना है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध फिर से बढ़ रहा है और अमेरिका का मैक्सिको और कनाडा के साथ भी व्यापारिक तनाव चल रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को प्राथमिकता दी है, जिसमें टैरिफ (आयात शुल्क) एक प्रमुख उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत पहले ही अमेरिका की कुछ चिंताओं को दूर करने के लिए कई उत्पादों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी कम कर चुका है।

इसमें मोटरसाइकिल, वेस्ट और स्क्रैप मटेरियल, और ईथरनेट स्विच जैसी वस्तुएं शामिल हैं। यह कदम ट्रंप द्वारा भारत को टैरिफ किंग कहे जाने के बाद उठाया गया था।

**नए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की नियुक्ति का इंतजार:** भारतीय अधिकारी अमेरिका में नए व्यापार प्रतिनिधि (स्त्रक्र) की नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं, जिससे ट्रंप प्रशासन के तहत व्यापार वार्ताओं को फिर से शुरू किया जा सके। 'अमेरिका फर्स्ट ट्रेड पॉलिसी' के तहत, अमेरिका उन देशों की पहचान कर रहा है जिनके साथ द्विपक्षीय या क्षेत्र-विशेष व्यापार समझौते किए जा सकते हैं। स्त्रक्र जल्द ही इस पर अपनी सिफारिशें देगा।

### मोदी-ट्रंप बैठक से क्या उम्मीदें?

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच इस मुलाकात में व्यापार के अलावा रक्षा, रणनीतिक साझेदारी और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा होने की संभावना है। अगर यह सीमित व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो यह भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को नई गति देगा और दोनों देशों के कारोबारी समुदाय को लाभ पहुंचाएगा।

## सोनिक साउंडस्केप को घर लाएं, डॉल्बी एटमॉस के साथ सैमसंग टीवी और साउंडबार पर शानदार ऑडियो का आनंद उठाएं

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज फोली - साउंड मीट्स स्टोरी नाम की एक खास, ओरिजनल सीरीज का अनावरण किया, जो दर्शकों को शानदार ऑडियो की कला और विज्ञान के माध्यम से एक सिनेमाई यात्रा पर ले जाएगा। इस वीडियो सीरीज़ का निर्माण डॉल्बी के सहयोग से किया गया है। यह प्रीमियम ऑडियो हार्डवेयर सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को फिर से परिभाषित करने की दिशा में सैमसंग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहयोग डॉल्बी की ऑडियो विशेषज्ञता को टीवी और साउंडबार में सैमसंग की अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ता है। फोली - साउंड मीट्स स्टोरी पांच एपिसोड वाली एक सीरीज है। इनमें से प्रत्येक एपिसोड पांच तत्वों में से एक से प्रेरित है। ये तत्व हैं आग, पानी, हवा, जंगल और भोजन। पेशेवर फोली कलाकारों के नजरिए के साथ, प्रत्येक एपिसोड साउंडस्केप्स को तैयार करने के पीछे की कलात्मकता को प्रदर्शित करता है जो डॉल्बी एटमॉस० में इन तत्वों के सार को दर्शाता है। यह सीरीज डॉल्बी एटमॉस० की भूमिका पर प्रकाश डालती है जो ऐसी ध्वनियों के साथ एक ऑडियो प्रदान करती है जिसे हर जगह सुना और महसूस किया जा सकता है। इससे सैमसंग हार्डवेयर की उत्कृष्टता भी स्पष्ट होती है जो उपभोक्ताओं के लिए इन साउंड्स को स्पष्टता और गहराई के साथ जीवंत बनाता है।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड ने एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड लॉन्च किया

**मुंबई।** एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड ने आज एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड लांच करने की घोषणा की है, जो वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है। नया फ़ंड ऑफ़र 20 फरवरी 2025 को बंद होगा। वित्तीय सेवाओं का क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास में एक अहम भूमिका निभाता है। बढ़ती वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, और सहायक विनियामक नीतियों के साथ-साथ भारतीय परिवारों द्वारा अपनी बचत को वित्तीय परिसंपत्तियों में लगाने की प्रवृत्ति का मतलब है कि यह क्षेत्र विकास की राह पर है। एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड का लक्ष्य वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र के विकास के अवसरों और संभावनाओं का लाभ उठाना है।

इस फ़ंड का प्रबंधन गौतम भूपल, एसवीपी फ़ंड मैनेजमेंट इक्विटीज़, एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड, साथ ही एक टीम सदस्य द्वारा किया जाएगा, जिसे वित्तीय सेवा क्षेत्र में मिलने वाले अवसरों की गहराई का फ़ायदा उठाने में विशेषज्ञता है, जिससे निवेशकों को भारत की लंबी अवधि की विकास कहानी से फ़ायदा उठाने का अवसर मिलेगा। यह प्रोडक्ट उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो लंबी अवधि में अपनी संपत्ति में वृद्धि करना चाहते हैं।

एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णीने कहा, 2047 तक भारत की जीडीपी के मौजूदा 3.4 ट्रिलियन से 8.8 गुना बढ़कर 30 ट्रिलियन होने का अनुमान है, और साथ ही वित्तीय क्षेत्र के इस जीडीपी के दो गुना बढ़ने की उम्मीद है ताकि विकसित भारत 2047 के विज़न को हासिल किया जा सके। इस तेज़ी से बढ़ते वित्तीय परिदृश्य में, हम नॉन-लेंडिंग क्षेत्र में काफी गहराई देख रहे हैं, जिसमें पूंजी बाजार, बीमा, डिपॉज़िट्स और मुद्रा प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। टेक्नोलॉजी और निवेशकों की बदलती मानसिकता के कारण, वित्तीय इकोसिस्टम में बदलाव आया है। हमारे फ़ंड का लक्ष्य इन उभरती हुई विकास संभावनाओं का लाभ उठाना है।

# द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में ICAI ने 31 जनवरी से 2 फरवरी तीन दिवसीय वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स का आयोजन किया जिसमें 7000 से अधिक प्रोफेशनल्स, इंटरप्रिनर्स, अकाउंटेंट्स, 400 से अधिक फॉरेन डेलिगेट्स, 46 से अधिक देशों के प्रतिनिधि तथा 40 से अधिक कॉनकरंट सेशन का आयोजन किया गया। यह विश्व का सबसे बड़ा अकाउंटेंट्स का प्रोफेशनल कॉनक्लेव था।



इस आयोजन में सभी फाइनेंस प्रोफेशनल्स, राजनेता, मंत्रीगण तथा सभी कारपोरेट के उच्च पदाधिकारी शामिल हुए। इस अभूतपूर्व आयोजन का शुभारंभ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया तथा इस विश्व स्तरीय आयोजन का समापन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।

यह कार्यक्रम ICAI के प्रेसिडेंट रंजीत अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि अकाउंटिंग से इनोवेशन को कैसे जोड़ा जाए। वाइस प्रेसिडेंट चरण जोत सिंग नंदा ने बताया के सीए देश के फाइनेंशियल सोल्जर है। ICAI के सभी सदस्य सहित पूरे देश से सेंट्रल काउंसिल तथा रीजनल काउंसिल के सदस्य शामिल हुए। मालवा (रतलाम) की बेटी और ICAI यूके चैप्टर की सदस्य सीए मयूरी चोरड़िया को ब्रिटेन लंदन से गेस्ट स्पीकर के लिए आमंत्रित किया गया।

उन्होंने अपने सेशन में बताया कि नारी सशक्तिकरण के लिए फाइनेंशियल नॉलेज होना जरूरी हैं तथा आज की महिला को वित्तीय रूप से सक्षम होने के लिए डायवर्सिटी को बढ़ावा दिया जाए तथा जेंडर मतभेद को दूर किया जाना चाहिए। अमेरिका, कनाडा, फिलीपींस, मिडल ईस्ट, दुबई, ओमान, आबुधाबी, सिंगापुर, हांगकांग सहीत 46 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विदेश की सभी अकाउंटिंग बॉडीज के प्रतिनिधि भी इस भव्य आयोजन में शामिल हुए। यह विश्व का सबसे बड़ा प्रोफेशनल कॉन्क्लेव था जिसमें 7000 से अधिक लोगों को शामिल कर ICAI ने इतिहास रच दिया। चौरड़िया ने बताया कि उन्हें अपनी ICAIऔर भारत की मातृभूमि पर गर्व है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह विश्व स्तरीय आयोजन एक मजबूत नेतृत्व से ही सम्भव हैं। उन्होंने सभी मीडिया इंटरव्यू में रंजीत अग्रवाल के नेतृत्व की तथा नंदाजी के अथक प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## आरबीआई की एमपीसी मीटिंग शुरू, रेपो रेट को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटीकी मीटिंग आज यानी 5 फरवरी से शुरू हो रही है। यह तीन दिवसीय मीटिंग 7 फरवरी तक चलेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में ब्याज दर पर फैसला लिया जाएगा। यह इनकी अध्यक्षता में पहली मीटिंग होगी। आरबीआई ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्युरिटीज यानी बोफाएस इंडिया के अर्थशास्त्री (भारत और एशिया) राहुल बाजोरिया और एलारा सिक्युरिटीज की इकोनॉमिस्ट गरिमा कपूर को उम्मीद है कि आरबीआई इस मीटिंग में रेपो रेट 0.25 घटकर 6.25 प्रतिशत कर देगा। आखिरी बार फरवरी 2023 में हुआ था बदलाव मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की पिछली मीटिंग दिसंबर में हुई थी, जिसमें कमेटी ने लगातार 11वीं बार दरों में बदलाव नहीं किया था। आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थीं। विशेषज्ञों को उम्मीद, इस साल कई चरणों में 1प्रतिशत तक कटौती हो सकती है यदि रिजर्व बैंक ब्याज दरें कुछ कम करता है तो आम लोगों पर EMI का बोझ कम होगा। इससे अतिरिक्त बचत होगी। एक्सपर्ट्स के अनुसार आरबीआई रेपो रेट में इस साल चरणबद्ध तरीके से रेपो रेट में 1 प्रतिशत तक कटौती करके कर सकता है।

## गोल्ड की कीमत पहली बार साढ़े 84 हजार के पार

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर सोने के दाम से जुड़ी रही। सोना बुधवार को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,647 रुपए बढ़कर 84,657 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, भारतीय करेंसी यानी रुपया एक बार फिर अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। बुधवार को कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिरकर 87.37 के स्तर पर पहुंच गया। यह रुपया का सबसे निचला स्तर है।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, खरगोन जिला खरगोन मध्यप्रदेश**

दूरभाष (कोड-07282) फोन नं. 232883 फेक्स-231333. Emall: cmokhargone@mpurban.gov.in
क्रमांक / 1825 / मेला/2025 खरगोन, दिनांकः-04.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा अनुभवी समस्त इवेन्ट मेनेजमेंट व्यवसायियों / प्रदायक को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवग्रह मेला आयोजन दिनांक 25 दिसम्बर 2024 से 15 फरवरी 2024 तक की अवधि के लिए आयोजन किया जा रहा है। श्री नवग्रह मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या एवं देश भक्ति कार्यक्रम दिनांक 15.02.2025 को आयोजन किया जाना है। जिसके लिए चयनित कलाकारों को लाने/ठहराने / भोजन आदि व्यवस्था के साथ कार्यक्रम आयोजित कराने के कार्य हेतु लम्पसम्प दर आनलाईन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यवसायी / प्रदायक निम्नांकित कार्य की दरे आनलाईन उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| टेंडर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_400721_1 | भजन संध्या एवं देश भक्ति कार्यक्रम (संलग्न सूची अनुसार) | 9.00 लाख | 9000 | 01 दिवस | 2000/- |

नोटः- उक्त वेबसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडरडाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की तिथि 04/02/2025 से 10/02/2025 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

(छाया जोशी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खरगोन

(मंशाराम निंगवाल)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खरगोन



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक 07 यांत्रिक शाखा**
**यातायात पार्क**

क्रमांक 997/यॉं.वि./जोन क्र. 07/24 भोपाल, दिनांक 04.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_384090_4 | BEAUTIFICATION WORK AROUND DR.AMBEDKAR STATUE IN AMBEDKAR PARK AT WARD 31 ZONE 07 | 4.95/- | 11-02-2025 | 5:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_392583 _2 | SUPPLY AND INSTALLATION OF RCC BENCHES AT DIFFERENT PLACES WARD 31 ZONE 07 | 2.00/- | 18-02-2025 | 5:30 PM |
| 3 | 2025_UAD_400502_1 | CONSTRUCTION OF C.C ROAD AT POLICE LINE VETNARY COLONY WARD 34 ZONE 07 | 5.08/- | 18-02-2025 | 5:30 PM |

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रं. 07 नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र.-1244/024/025


# ब्राजील का पशु मेला, भारतीय नस्ल की गाय का दबदबा, जानें कितने करोड़ में हुई नीलामी

**ब्राजील।** ब्राजील के मिनास गेरैस में चल रहे पशु मेले में भारतीय नस्ल की गाय ने सबका ध्यान आकर्षित किया। वियाटिना-19 नाम की इस गाय की नीलामी 40 करोड़ रुपये में हुई, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी गाय बन गई। वियाटिना-19, नेल्लोर नस्ल की गाय है, जो मूल रूप से भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पाई जाती है। इसकी लोकप्रियता और अनूठी विशेषताओं के चलते इसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो गया है। वियाटिना-19 न केवल अपनी सुंदरता के लिए मशहूर है, बल्कि इसमें कई प्राकृतिक विशेषताएं भी हैं। इस गाय ने मिस साउथ अमेरिका का टाइटल भी जीता था, जिसके बाद से यह और अधिक चर्चा में आ गई। इसकी अनूठी विशेषताओं के कारण दुनिया के कई देशों में इसके बछड़ों को भेजा गया है, ताकि बेहतरीन नस्ल की गायों का प्रजनन किया जा सके।



**नेल्लोर नस्ल की खासियतें:** नेल्लोर नस्ल, जिसे ओंगोले नस्ल के नाम से भी जाना जाता है, अपनी सहनशक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है। यह नस्ल अत्यधिक गर्म और कठिन परिस्थितियों में भी आसानी से जीवित रह सकती है। दूध उत्पादन पर तापमान का असर नहीं‑ आमतौर पर, गर्म जलवायु में गायों का दूध उत्पादन घट जाता है, लेकिन नेल्लोर नस्ल की गायों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ता। बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता‑ इस नस्ल की इम्युनिटी मजबूत होती है, जिससे इन्हें बहुत कम मेडिकल देखभाल की जरूरत होती है। कम देखभाल में भी जीवित रहने की क्षमता‑ ये गायें कठिन वातावरण में भी आसानी से रह सकती हैं, जिससे रेगिस्तानी और गर्म क्षेत्रों में इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

**ऊंटों की तरह भोजन-पानी स्टोर करने की क्षमता:** सफेद फर और कंधों पर ऊंचे कूबड़ वाली इन गायों में लंबे समय तक भोजन और पानी संचित करने की विशेषता होती है, जिससे वे मुश्किल परिस्थितियों में भी आसानी से जीवित रह सकती हैं।

**ब्राजील में भी लोकप्रिय है भारतीय नस्ल की गाय:** नेल्लोर नस्ल की गायें 1800 से ब्राजील में पाली जा रही हैं। इनकी मजबूत सहनशक्ति और कम देखभाल में जीवित रहने की क्षमता के चलते ब्राजील समेत कई देशों में इनकी मांग बढ़ गई है। ब्राजील में होने वाली पशु नीलामी में यह नस्ल हमेशा आकर्षण का केंद्र रहती है, और अब वियाटिना-19 की रिकॉर्ड तोड़ नीलामी ने इसे एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इस ऐतिहासिक नीलामी के बाद, भारतीय नस्ल की गायों की वैश्विक मांग और भी बढ़ने की उम्मीद है।

# टिकाऊ खेती प्रकृति, मृदा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए वरदानः कलेक्टर

## डब्ल्यूआरआई इंडिया और समुन्नति संस्था के माध्यम से सतत कृषि कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में डब्ल्यूआरआई इंडिया, फूड एंड लेंड यूज कमीशन एवं समुन्नति संस्था के माध्यम से मध्यप्रदेश में सतत कृषि कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा टिकाऊ खेती प्रकृति, मृदा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी है, की जानकारी दी गई एवं जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि टिकाऊ खेती को अपनायें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि छिंदवाडा जिले के किसान अत्यंत नवाचारी किसान हैं एवं किसी भी नई तकनीक को बहुत जल्दी अपनाते हैं। छिंदवाडा जिले के किसान टिकाऊ खेती को अपनाकर जहर मुक्त उत्पाद उगायेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ मिट्टी उपलब्ध हो सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने टिकाऊ खेती को वर्तमान की आवश्यकता बताते हुए कहा कि डब्ल्यूआरआई एवं समुन्नति प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए उचित मार्केट उपलब्ध कराकर किसानों को लाभान्वित करायें। डब्ल्यूआरआई इंडिया संस्था प्रतिनिधि डॉ.सीमा यादव द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी दी गई एवं भारत के प्रतिष्ठित कृषि अनुसंधान संस्थान और उन्नत कृषकों द्वारा समन्वित खेती के लिए अपनाये गये सफल मॉडल के बारे में कृषकों को बताया गया, जिससे जिले के कृषक इस मॉडल का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। डॉ.शिवांगी डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा बताया गया कि सतत कृषि पद्धति के लिए बनाये गये उत्कृष्ट मॉडल की सर्वप्रथम शुरुआत मध्यप्रदेश के हरदा एवं छिंदवाडा जिले में की गई है, जिससे किसानों को सतत कृषि पद्धति के बारे में तकनीकी जानकारी प्राप्त होगी। समुन्नति संस्था प्रमुख श्रीधर द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एफएस मॉडल एवं मार्केट लिंकेज के बारे में जानकारी दी गई, जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित दाम प्राप्त हो सके। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सतत कृषि पद्धति के अंतर्गत जिले में किये जा रहे प्रयास अंतरवर्तीय खेती, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई एवं फसल अवशेष प्रबंधन को टिकाऊ खेती के लिए अनिवार्य बताते हुए सलाह दी गई कि किसान अपने खेत की नरवाई में आग न लगायें, बल्कि उसका प्रबंधन सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर से करके उसे मिट्टी में मिलायें और खेती की लागत कम करके, मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारते हुए लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम में चार ग्रुप बनाकर ग्रुप डिस्कशन करके सतत कृषि प्रणाली में आ रही समस्या एवं सुझाव पर चर्चा की गई।

## मंधान बाध से पानी आने का रास्ता हुआ साफ

### पीआईसी की बैठक विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ 31 प्रस्ताव पारित



**परासिया।** परासिया नगर पालिका की पीआईसी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पानी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय हुआ। जिससे नागरिकों को रोज पीने का पानी मिलने लगेगा। मंधान बांध से परासिया तक पानी लाने के लिए पाईप लाईन विस्तार की दरें स्वीकृत की गई। इस पाईप लाईन के बिछने के बाद परासिया के नागरिकों को रोजाना पानी मिलने लगेगा। मंधान बांध के चरई एनिकेट से अभी परासिया के चार वार्डों को पानी मिलता है। नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि चार बार निविदा लगाने के बाद भी टैंडर अस्वीकृत हो रहा था। पीआईसी की बैठक में बारह प्रतिशत अधिक एसओआर पर दरें स्वीकृत की गई। ये हर्ष का विषय है। पीआईसी की बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ 31 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में अध्यक्ष विनोद मालवीय, सीएमओ साक्षी वाजपेयी, इंजिनियर राजेंद्र सोनी और सभापतिगण मौजूद रहे। पीआईसी ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। शहर के नालों से बहने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए लिक्विट वेस्ट मैनेजमेंट की योजना स्वीकृत की गई। इसके लिए एक फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। पानी को साफ किया जाएगा। इस पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकेगा। बारह करोड की लागत की इस योजना पर पीआईसी ने अपनी मुहर लगाई। वार्ड क्रमांक आठ के सुभाष पार्क के सौंदर्यीकरण का काम नगर पालिका कर रही है। यहां लगाई गई सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा बाउंड्री से नीचे हो गई है। प्रतिमा को उंचाई पर लाने के लिए प्लेटफार्म, स्टेच्यु और पैडेस्टल की उंचाई बढाकर सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। खनिज मद से आए एक करोड रुपए और मुख्यमंत्री अधोसचना फेस टू के पस्ताव पारित किए गए।

## महादेवपुरी में सीटू ने की गेट मिटिंग आम बजट के विरोध हल्ला बोल आवाज बुलंद



**परासिया।** कोयलांचल क्षेत्रों को लेकर महादेवपुरी मेंसीटू यूनियन के साथ देश में कार्यरत अन्य संगठनों में एटक,इंटक,एच एम एस सहित बीमा, स्वास्थ्य में कार्यरत दस ट्रेड यूनियन ने संयुक्त रूप से केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में पूरे देश में पांच फरवरी को सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में लागू किये जा रहे चार लेबर कोड बिल,एन एम पी,एम डी ओ और रेवेन्यू शेयरिंग के तहत नीजि मालिकों को खदानों का आवंटन रद्द करने के अलावा नीजिकरण बंद करने रिक्त नौकरियों को भरने, ठेकेदारी कामगारों को एच पी सी के अनुसार वेतन भुगतान करने आदि सम्मिलित हैं। साथ ही पेश किया गया आम बजट के आम जनता विरोधी होने के खिलाफ आवाज बुलंद करने सभी खदानों में गेट मिटिंग लेकर श्रमिकों को संबोधित करते हुए उपरोक्त सभी मुद्दों पर उद्बोधन दिया और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के जोरदार हल्ला बोला और उपस्थित कामगारों के साथ जोरदार नारेबाजी करते हुए महादेवपुरी में सुबह प्रथम पाली में गेट मिटिंग करने सीटू यूनियन केंद्रीय प्रतिनिधियों में पेंच कन्हान अध्यक्ष कामरेड अमरनाथ सिंह, महासचिव कामरेड मीर हसन,वरीष्ठ सचिव मार्कण्डेय मिश्रा, सचिव अशोक भारती, उपाध्यक्ष शंकर लाल, शाखा अध्यक्ष तोड़े लाल, सचिव नवी आलम, कपिल,कुंवन सिंह, विक्रम विश्वकर्मा, आनंद राव,मतिलाल आदि उपस्थित रहे।

## श्री बड़ी माता मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिमा चालन विधि हुई आरंभ

### पांच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रतिमाओं के महाभिषेक से हुई*



**छिन्दवाड़ा।** जिले की प्रमुख आस्थास्थली श्री बड़ी माता मंदिर में पंचदिवसीय जीर्णोद्धार प्रतिमा चालन विधि की शुरुआत विधिवत तरीके से की गई। इस दौरान बुधवार प्रातः काल 3 बजे से मातारानी के सेवादारों के द्वारा सभी प्रतिमाओं का अभिषेक जिसमें दूध दही घी मधु शक्कर के साथ माई का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात मातारानी के दिव्य मंत्रजाप 1008 अर्चन पूजन की विधि का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें काजू किशमिश बादाम के साथ मातारानी का अर्चन मंदिर के सेवादारों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात समस्त भक्तगणों के द्वारा प्रातः काल 8 बजे से मातारानी जी की आरती की गई। विधि विधान पूर्वक मातारानी के पंच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम रूप से मुख्य यजमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री संतोष सोनी सहपत्नी रिंकी सोनी जी के द्वारा नवग्रह पूजन पाठ किया गया। इसके पश्चात यजमान श्री संतोष सोनी जी का पंचद्रव्य दशविधि इष्टान स्नान किया गया। इसी तारतम्य में प्राश्चित होम , शालिग्राम पूजन , गणपति पूजन , पश्चात 11 ब्राह्मणों द्वारा वरण करते हुए दुर्गा सप्तशति का 11 महापठ किया गया। इसके पश्चात ब्राह्मण भोजन दक्षिणा कार्यक्रम भी किया गया। साथ ही संध्या काल में भगवती का होम पूजन 5 बजे से 6 बजे तक किया गया। प्रथम दिवस में दिन भर अनुष्ठान पूजन विधि विधान पूर्वक संध्या काल तक पूजन कार्य सम्पन्न किया गया। साथ संध्या काल में 7 बजे से मातारानी को भक्तों के द्वारा छप्पन भोग अर्पित किया गया। वहीं रात्रि 8 बजे मातारानी की भव्य आरती सामूहिक रूप से की गई। जिसमें भक्तों के द्वारा आरती थाल दीपक की साज सज्जा कर के आरती विशेष का पुण्य लाभ अर्जित किया गया। आरती के पश्चात् विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें असंख्य भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं आज मंदिर के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजाउपचार पूजन , प्राश्चित पूजन , ब्राह्मण भोज के साथ रात्रि कालीन आरती 8 बजे से एवम् मातारानी को 56 भोग प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। समस्त मातृ शक्तियों से निवेदन अपने घरों से आरती थाल सजा के लावे और समस्त कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई।

**सांसद विवेक साहू का विनम्र आग्रह**

लोकप्रिय सांसद विवेक साहू प्रातः काल 11 बजे मंदिर पहुंच कर दर्शन किए। साथ ही संसदीय क्षेत्र आग्रह किया। यह श्री बड़ी माता माई का यह दरबार हमारे जिले की महत्पूर्ण रूप से आस्था का बड़ा केंद्र बिन्दु रहा है। मेरा बचपन भी इस क्षेत्र में व्यतीत हुआ है। आज हमारे लिए हर्ष का विषय कि हमारी यह पीढ़ी इस नवनिर्माण मंदिर का भव्य रूप से विस्तार देख पा रही हैं। मैं समस्त जिले वासियों से इस मंदिर नवनिर्माण में अपना तन मन धन से सहयोग करने की विनम्र अपील की है।

## मारोतराव ख़वसे का जाना भाजपा परिवार एवं मेरे लिए अपूर्णीय क्षति हैः सांसद

### खवसे जी के अंतिम संस्कार के बाद हुई श्रदांजलि सभा



**छिन्दवाड़ा।** सांसद ने पुर्व विधायक मारोतराव खवसे के निधन पर श्रध्दांजलि कार्यक्रम में दुःख व्यक्त किया एंव कहा कि हमने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और जनकल्याण के लिए लगा दिया था। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ ही भारतीय जनता पार्टी एवं मेरे लिए भी एक अपूर्णीय क्षति है। भारतीय जनता पार्टी के संघर्ष के समय के साथी एवं हमारे मार्गदर्शक मारोतराव ख़वसे ने संगठन को प्रतिकूल परिस्थितियों में खड़ा किया है। जनप्रतिनिधि के नाते उन्होंने जो काम किया है, उसे छिंदवाड़ा पांढुर्णा की जनता सदैव याद करेगी। पांढुर्णा को जिला बनाने के लिए उन्होंने बहुत संघर्ष किया एंव पांढुर्णा जिला बनाने के लिए उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने ने अपना संपूर्ण समय पांढुर्णा के विकास में लगाया। उनकी पहचान एक शेर के रूप में होती थी, मुझे उनका मार्गदर्शन और आर्शीवाद हमेशा ही मिला है और मैं आज जो यहाँ तक पहुँचा हूँ निश्चित तौर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे इनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने कहा कि आज जो सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चे पढ़कर अपना भविष्य बना रहे हैं एंव आज जिस स्थिति में है उसमें खवसे जी ने जो योगदान दिया है उसे हमने देखा है। सरस्वती शिशु मंदिर के निर्माण के लिए एक वट वृक्ष की भूमिका निभाई है।

## पहली बार दिखा बघीरा रोमांचित हुए पर्यटक



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के विशेष प्रयासों से पेंच नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की बहार आई हुई है। बीते रोज यहां आए सैंकड़ो पर्यटक उस वक्त रोमांचित और प्रफुल्लित हो गए जब उन्हें कर्माझिरी गेट के पास पेड़ पर अठखेलियां करता हुआ बघीरा (ब्लैक पेंथर)दिखा। जमतरा और कर्माझिरी गेट पर हर्ष सोनी ने इस दृश्य को कैमरे में कैद कर लिया। इस सीजन में बघीरा पहली बार ही दिखा है, जिससे टाइगर रिजर्व का प्रबंधन भी बहुत खुश है। अब धीरे-धीरे गर्मी बढ़ रही है, जिससे पर्यटकों के लिए यहां पर टाइगर और ब्लैक पेंथर जैसे दुर्लभ जानवर देखना आसान हो जाएगा। ब्लैक पेंथर को द जंगल बुक के किरदार बघीरा से जोडक़र देखा जाता है। बता दें कि पेंच टाइगर रिजर्व में करीब 130 से ज्यादा बाघ हैं, जो देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहे हैं। पेंच पार्क में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भी लगातार प्रयास करके यहां ट्रेकिंग, बाइक सफारी, साइकिल सफारी जैसी सहासिक गतिविधियां साल भर आयोजित कर रहा है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों में खासा इजाफा हुआ है।

## 17 युवक एवं युवतियों को मिला रोजगार



अमरवाड़ा । नगर की जेल रोड स्थित रोजगारोन्मुखी संस्था अंबुजा फाउंडेशन सेडी द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों को मिला रोजगार संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर राजकमल जैन ने बताया कि सागर मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड अब्दुल्लागंज भोपाल में 17 युवक एवं युवतियों को फायरमैन एवं सिक्योरिटी गार्ड के पद पर चयन हुआ इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि जोमन वर्गीस मुख्य प्रबंधक आईआर, बेनी इपेन, सुरक्षा अधिकारी, दीपिका विश्वकर्मा,शैलेंद्र वर्मा संस्था प्रमुख उपस्थित रहे एवं प्रतिक्षणार्थियों को रोजगार संबंधित जानकारी प्रदान की गई जिससे कि प्राप्त रोजगार युवक एवं युवतियों के परिवार मैं खुशी की लहर छाई हुई है एवं समस्त प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकों द्वारा संस्था के कार्य की प्रशंसा की जा रही है

## सफलता ऐसी हो जिससे माता-पिता को आप पर गर्व होः यादव

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के प्रयासों से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में संचालित यूपीएससी और एमपीपीएससी प्रशिक्षण में ग्वालियर से आए लेखा अधिकारी उपेन्द्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण पुस्तकों से अवगत कराते हुए परीक्षा की तैयारी और इस दौरान स्वयं को कैसे प्रेरित रखा जाए इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान के अवसर पर प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीचंद, संभागीय नोडल अधिकारी डॉ.पी.एन.सनेसर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ.सुशील पटवा, डॉ.के.एल.झरवडे सहित लगभग 110 विद्यार्थी उपस्थित थे। लेखा अधिकारी श्री यादव ने अपने व्याख्यान में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करना चाहिए, उन्होंने यूपीएससी और एमपीपीएससी में चयनित उम्मीदवारों को परीक्षा के लिये की जाने वाली तैयारी के लिये पुस्तकों के नाम विद्यार्थियों को नोट करवाये। साथ ही कहा कि आप जब तैयारी करें तो यह ध्यान रखें कि आपके माता-पिता की आपसे उम्मीद बंधी है । आपकी सफलता पर सबसे ज्यादा प्रसन्नता आपके माता-पिता और परिवार को होती है। प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीचंद ने कहा कि सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ ही स्वयं को प्रेरित रखना भी आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पी.एन.सनेसर ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ.सुशील पटवा ने किया। इस अवसर पर छात्र अमित बराई, चंचलेश साहू, विशाल सलामे, संकल्प विश्वकर्मा, अभिषेक वानखेड़े, भूमिका धुर्वे ने प्रश्न पूछे जिसका समाधान लेखा अधिकारी श्री यादव द्वारा किया गया।

## एन.एस.यू.आई. के सैकड़ों छात्रों ने पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज में अनियमितता को लेकर सौंपा ज्ञापन




**छिंदवाड़ा।** छात्र नेता ने बताया कि लगातार महाविद्यालय में अनियमिताएं सामने आ रही है जिसे लेकर लगातार छात्र छात्राओं द्वारा शिकायते की जा रही है जिसके कारण छात्र संगठन ज्ञापन पे ज्ञापन दे रहे हैं परन्तु समाधान नहीं हो पा रहा है। स्कॉलर शिप हो गृह आवास भत्ता हो जो छात्र हितेषी योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है वह सुचारू रूप से छात्रों तक नहीं पहुंच पा रही है। महाविद्यालय भी जब से पीएम एक्सीलेंस बना है तब से यहां सिर्फ छात्रों के लिय बस की सुविधा बढ़ी है बाकी महाविद्यालय जस की तस पूर्व की भांति असुविधाओं से जूझ रहा है। महाविद्यालय के विभाग रेगुलर खुलते नहीं है जिसके कारण छात्रों को अपने अपने विभाग खुलने का इंतजार करते करत महाविद्यालय परिसर में दिन भर इंतजार करना पढ़ता हे। छात्र नेता ने आगे बताया कि छात्रों को अपने सब्जेक्ट लगाने के लिए कक्ष बदलना पढ़ता हे और एक ही समय में छात्रों की दो दो क्लास रख दी जाती है जिसके कारण दिनांक छात्रों को अपने एक विषय की क्लास को छोड़ना पड़ता है । महाविद्यालय लगातार परीक्षा समय सारणी में बदलाव कर रहा है जिसके कारण छात्रों को परेशानी उत्पन्न हो रही है विगत दिनों ओपन इलेक्टिव एनसीसी के छात्रों की परीक्षा तारीख के साथ-साथ परीक्षा का समय भी बदल गया सबसे पहले छात्रों को 8.30 का टाइम दिया गया फिर इसे बदलकर 9.30 किया गया फिर इस समय को भी बदलकर 3 बजे किया गया जिसके कारण छात्रों को बेमतलब परेशान होना पड़ा। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से मिंटू प्रजापति, शुभांशु धुर्वे, अभिजीत इवनाती, प्रीति खरपे, अनामिका यादव, पलक साहू, शिवनारण वर्मा, पवन चंद्रवंशी, पर्व जैसवाल,मोहित धुर्वे, सूरज अहिरवार, सहित सभी छात्र छात्राएं ज्ञापन में शामिल रहे ।

## एन.एस.यू.आई का सक्रिय सदस्यता अभियान




**छिन्दवाड़ा** - जिले के चहुंमुखी विकास के साथ ही युवाओं के लिए गुणवत्ता वाले शिक्षण संस्थान की स्थापना करने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की सार्थक सोच को युवाओं तक पहुंचाया जा रहा। जिले में उच्च व तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना के पीछे नेताद्वय का सम्पूर्ण योगदान रहा है। उक्त उदगार आज जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के द्वारा सदस्यता अभियान के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच व्यक्त किए । जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त ब्लॉक व नगर मुख्यालयों में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान युवा छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई की रीति व नीति से अवगत कराते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि माननीय कमलनाथ जी व माननीय नकुलनाथ जी की प्राथमिकता में हमेशा ही युवा रहे हैं। उनके अच्छी शिक्षा व रोजगार के अवसर लगातार उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की राजनीति में एनएसयूआई युवा छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश द्वार है। एनएसयूआई से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अनेकों जनप्रतिनिधि राज्य व केन्द्र की सक्रिय राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे। एनएसयूआई के द्वारा केएफ कॉलेज व कैरिऑन कॉलेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई की सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, समर्थ मैद, रेशमा खान, अंशुल शर्मा, सत्येन्द्र अहिरवार, साहिद खान, शिवम ठाकुर व नितेश मदोरे सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## स्ट्रेस एवं टाइम मैनेजमेंट पर हुआ कैरियर मार्गदर्शन



**पांढुर्ना।** जी एच रायसोनी विश्वविद्यालय साईखेड़ा के तत्वाधान में नगर के नवनीत मंगल कार्यालय मे स्ट्रेस एवं टाइम मैनेजमेंट पर कैरियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन कर आगामी होने वाले परीक्षा की तैयारी हेतु टिप्स दी गई. परीक्षा समय में समय का सदुपयोग कर स्ट्रेस को कैसे दूर किया जा सकता है और परीक्षा की तैयारी कैसे करें के गुरु विद्यार्थियों को सीखने के लिए मिले. उपरोक्त कैरियर मार्गदर्शन के कार्यक्रम में मार्गदर्शक श्री आलोक जोशी सर ने विद्यार्थियों को बहुत सारी टिप्स दी और बताया कि किस प्रकार की विद्यार्थी कौन से कोर्सेज कर सकते हैं जानकारी प्रदान की. उपरोक्त आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे श्री रविंद्र खोड़े प्राचार्य शआर डी पब्लिक स्कूल पांढुर्ना, मनीष दुफारे सर डिपार्टमेंट ऑफ़ अंग्रेजी संजय गाँधी विद्यालय तिगांव, जी एच रायसोनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सम्यक राज, विश्वविद्यालय के डिन एडमिशन अधीर गोयल, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से डॉ चेतन बोंदरे मार्केटिंग मैनेजर भरत भार्गव, वरिष्ठ शैक्षणिक मार्गदर्शन देवीलाल पवार आदि उपस्थित थे.

## 36 वाहनों से लिया गया 59500 रूपये का जुर्माना, एक ट्रक जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 36 वाहनों से 59500 रूपये का जुर्माना लिया गया एवं वाहन (ट्रक) क्रमांक MHy®Y3195 को बिना परमिट, बिना फिटनेस एवं बिना बीमा संचालित पाये जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर जिला छिंदवाड़ा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

## दुनिया कि सबसे बड़ी खोज स्वयं को जानना: अदिति दीदी



**छिंदवाड़ा।** राजयोग शिविर के प्रथम सत्र में ब्रह्मा कुमारीज के विश्व दर्शन भवन में आयोजित माउंट आबू राजस्थान से पधारी बीके अदिति दीदी द्वारा पहले दिन स्वयं के पहचान के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा इंसान स्वयं को भरपूर करने के लिए बाहरी जगत की तलाश में भटकता है, घर से संन्यास लेता है, एकांत में तपस्या करता है, इस पृथ्वी पर ऐसे कई सारे राजकुमार , राजाओं ने अपने राजपाट छोड़कर स्वयं की खोज और ईश्वर की खोज में जंगलों में गुफाओं में तपस्या की। इसके उदाहरण महात्मा बुद्ध महावीर ऋषि मुनि ऐसे कई महान आत्माएं हैं, जिन्होंने सत्य की खोज में पूरी जिंदगी बिता दी। परंतु इसकी क्लेरिटी इस संगम युग अर्थात संक्रमण काल में परमपिता परमात्मा द्वारा हम मनुष्य को अपनी स्वयं की पहचान बताई जाति हैं, कि तुम शरीर नहीं अपितु आत्मा है, मनुष्य ,आत्मा का स्वधर्म भूल जाने के कारण देहभान में आ चुका है । इसका मुख्य कारण मनुष्य की सतयुग से लेकर के कलयुग तक की अनंत यात्रा है, जो संस्कार वश मनुष्य अपने मूल स्वधर्म मूल आत्मा से अनभिज्ञ है, किसी शायर ने कहा है शरीर और आत्मा ता उम्र साथ रहे! पर एक दूसरे की पहचान ना रही ! संसार की जो आज विकृति है, वह आत्मा के मूल सात ,गुण, सुख ,शांति, आनंद, पवित्रता ज्ञान, प्रेम ,शक्ति, और सुख के अभाव के कारण संसार के मनुष्य बाहर भौतिक वस्तु में इन गुणों को खोज रहे हैं। परमात्मा हमें राजयोग सीखा रहे हैं, जिसके कारण हम अंतर जगत की यात्रा से आत्मा के मूल स्वरूप मूल गुणों को व्यवहारिक जीवन में रूपांतरित कर सकते हैं। आत्मा के मूल गुणों के अभाव के कारण मनुष्य जाति आज सुख शांति प्रेम की भिखारी हो चुकी है ,जो दूसरे से मांगते रहती है। सृष्टि रंगमंच 5000 साल का सृष्टि रूपी ड्रामा है ,जहां हम सभी मनुष्य आत्माएं विभिन्न नाम, रूप, जाति, संप्रदाय, धर्म, क्षेत्र, प्रांत, पद, काला ,गोरा ,स्त्री ,पुरुष, पंत, समाज, समिति, गरीब ,अमीर क्लब, कल्चर, की पहचान पत्र लेकर अहंकार में आ चुका है ।अपने मूल स्वरूप को भूल चुका है, कि आखिर वह कौन है। उसकी मूल पहचान क्या है? उसका मूल अस्तित्व क्या है? वास्तविक अर्थ में देखा जाए तो आध्यात्मिक जीवन से, राजयोग के अभ्यास से, मनुष्य अपने अंतर जगत के मूल अस्तित्व को पहचान सकता है!जिसके फल स्वरुप उसके जीवन में आत्मा के सभी सातों गुण प्रकट होने लगते हैं। जब छोटा बच्चा पैदा होता है तो हम उसे धर्म जाति भाषा संस्कृति के नए-नए कपड़े पहना देते हैं, और वह कपड़े से उसकी पहचान बन जाती है ।और वह उसे ही सत्य समझने लगता है। संसार रूपी कुंभ में परमात्मा आकर जन्म जन्म से बिछड़े हुए मनुष्य आत्माओं को इस मेले में मिलते हैं ,और हमें अपनी वास्तविक पहचान देते हैं। देहभान का शीश काटकर सत्गुण और बुद्धि वाला शीश लगते हैं ।और सच्चा सच्चा गणेश बनाते हैं ,अर्थात देवता बनाते हैं ।अर्थात प्रथम पूज्य बनाते हैं। इसी सिद्धांत के आधार पर देवी-देवता समाज का निर्माण होने लगता है। जिसे हम स्वर्ग ,बैकुंठ ,जन्नत पैराडाइज आदि नाम से जानते हैं ।भारत देवभूमि था फिर से इस भारत पर देवी साम्राज्य की स्थापना होनी है ,और वर्तमान रावण साम्राज्य का अंत होना है। वैसे ही इस संसार में उसकी तैयारी चल रही है। यह पेरा साइंस है, इसमें एंट्रापी का सिद्धांत क्वांटम सिद्धांत लागू होता है इसी को समझने के लिए आप सभी ब्रह्माकुमारी सेंटर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच करके इसका लाभ उठाएं और अन्य को बताएं।

## चौरई के क्षेत्रीय अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष की सूची

### संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा ।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार कांग्रेस ने चौरई ब्लॉक कांग्रेस के क्षेत्रीय व कार्य. अध्यक्षों की सूची घोषित की।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, चौरई विधानसभा प्रभारी श्री अशोक तिवारी, चौरई विधायक श्री सुजीत चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष श्री तीरथ सिंह ठाकुर व पर्यवेक्षक श्री गोविंद बिजौलिया की सहमति उपरांत चौरई ब्लॉक की क्षेत्रीय कमेटियों में अध्यक्ष एवं कार्य. अध्यक्ष मनोनीत किए गए जो निम्नानुसार है।

कुण्डा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र चौरसिया व कार्य. अध्यक्ष ललित ठाकुर एवं जगन्नाथ चंद्रवंशी मनोनीत किए गए हैं।

रामगढ़ क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष नसीम खान व कार्य. अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी व राहुल डेहरिया नियुक्त किए गए।

गुरैया क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष संजय बैस व कार्य. अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा एवं खेमकरण पटेल नियुक्त किए गए हैं।

डुंगरिया क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष ललित सोलंकी व कार्य. अध्यक्ष बद्रीप्रसाद वर्मा एवं एजाज खान मनोनीत किए गए।

समसवाड़ा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष अरविंद दाहिया व कार्य. अध्यक्ष खेमकरण सनोडिया व राजू ठाकुर नियुक्त किए गए।

सांख क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष बसंत माहोरे व कार्य. अध्यक्ष जयवर्धन सिंह एवं सुरेन्द्र उइके मनोनीत किए गए।

झिलमिली क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष लेखमराम पाल व कार्य. अध्यक्ष शिव भलावी एवं जितेन्द्र वर्मा नियुक्ति गए हैं।

सिहोरामाल क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष विक्की ठाकुर व कार्य. अध्यक्ष अनिल भलावी एवं हरिओम पाल मनोनीत किए गए हैं।

हिवरखेड़ी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हृदयराम वर्मा व कार्य. अध्यक्ष राजेश सल्लाम एवं अजय बंदेवार मनोनीत किए गए हैं।

पलटवाड़ा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष कन्हैया वर्मा व कार्य. अध्यक्ष दीनदयाल उइके व सुनील डेहरिया मनोनीत किए गए। कपूर्दा क्षेत्रीय कांगेस कमेटी में अध्यक्ष राम तिवारी व कार्य. अध्यक्ष दशरथ सनोडिया व राजेश किरार नियुक्त किए गए हैं।क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी बाम्हनवाड़ा में अध्यक्ष बालगोविंद वर्मा व कार्य. अध्यक्ष नरेश राय एवं सुरेश डेहरिया नियुक्त किए गए हैं।राजलवाड़ी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष शिशुपाल रघुवंशी व कार्य. अध्यक्ष भागीरथ वर्मा एवं गोपी यादव मनोनीत किए गए हैं।शहर कांग्रेस कमेटी चौरई में समन्वयक भगवत चौबे, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज खण्डेलवाल व कार्य. अध्यक्ष पद पर हर्ष विश्वकर्मा एवं प्रदीप सनोडिया मनोनीत किए गए हैं।









मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर विधानसभा परिसर में गुरु गुणानुवाद सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय भी मौजूद थे।

# हृदय अभियान ने जीता दिल, केंद्रीय मंत्री ने की कलेक्टर की सराहना



**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने हरदा जिले में प्रशासनिक सुधारों और नवाचारों की सराहना करते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह को एक प्रशंसा पत्र भेजा है। इस पत्र में जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पोषण सुधार कार्यक्रम, और शिक्षा व्यवस्था में किए गए नवाचारों की विशेष रूप से प्रशंसा की गई है।

### बेटियों के लिए अनूठी पहल

हरदा जिला प्रशासन द्वारा बेटी सशक्तिकरण अभियान के तहत रेवा परियोजना की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य बेटियों के परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत ऐसे परिवार जिनकी केवल बेटियां हैं, उन्हें विभिन्न सेवाओं पर 2 से 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है।

छूट का लाभ स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस सेवा, होटल, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर और सुपरमार्केट जैसी सेवाओं पर मिल रहा है। इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कीर्ति कार्ड जारी किया गया है, जिससे लाभार्थी परिवार विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### कुपोषण दूर करने के लिए हृदय अभियान

हरदा जिले में कुपोषण को दूर करने और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए हृदय अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 50 गांवों के 250 बच्चों को विशेष स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण सुधार कार्यक्रम से जोड़ा गया।

कुपोषित बच्चों को मोरिंगा चॉकलेट फ्लेवर वाला दूध उपलब्ध कराया गया, जिससे 90 दिनों के भीतर 99त्न तक सुधार के परिणाम मिले हैं। इस पहल को केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सराहनीय बताया और अन्य जिलों में भी इसे अपनाने का सुझाव दिया।

### केंद्रीय मंत्री का प्रशंसा पत्र

रामदास आठवले ने कलेक्टर आदित्य सिंह को लिखे अपने पत्र में कहा– मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आपके द्वारा बेटी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत रेवा परियोजना की शुरुआत की गई। यह योजना बेटियों को सम्मान और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, हृदय अभियान के माध्यम से कुपोषण को कम करने की दिशा में किए गए प्रयास सराहनीय हैं। मैं आपके उवल भविष्य की कामना करता हूं।

### हरदा मॉडल की हो रही चर्चा

हरदा जिला प्रशासन की इन पहलों की न केवल मध्य प्रदेश में बल्कि अन्य राज्यों में भी चर्चा हो रही है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि– हरदा जिले में सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी रूप से लागू करने की कोशिश की जा रही है। बेटियों को सम्मान देने और कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में यह योजनाएं बेहद कारगर साबित हो रही हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि ये योजनाएं समाज के हर जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचे।

## भोपाल में अकाउंटेंट को लूटने वाले 3 गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल में बंसल वन के अकाउंटेंट से 2 लाख रुपए की लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात की प्लानिंग बंसल वन में ही काम करने वाले एक पूर्व ड्राइवर ने रची थी। मामले में एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी अवधेश तोमर और उनकी टीम ने 35 बदमाशों से पूछताछ भी की। इस आधार पर मोहम्मद नौशाद, आमिर बेग और तलहा खान को गिरफ्तार किया गया। नौशाद और तलहा बंसल वन में ड्राइवर थे। डीजल चोरी के आरोप में नौशाद को हटा दिया गया। उसने अकाउंटेंट को सबक सिखाने के लिए लूट की साजिश रची। इसमें नौशाद का साथ तलहा ने दिया। दोनों को पता था अकाउंटेंट दीपेश जोशी हर शनिवार को रकम लेकर अशोका गार्डन जाते हैं। एक जनवरी की शाम बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था।

# USAID द्वारा विवादास्पद वित्त पोषण का खुलासा, दुनिया भर में समाजी संतुलन बिगाड़ने की मंशा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने बुधवार को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) द्वारा वित्त पोषित कई परियोजनाओं का खुलासा किया, जिन्हें अनावश्यक और बेतुका बताया गया।

यह खुलासा ट्रंप द्वारा विदेशी सहायता की समीक्षा और पुनर्संरेखण के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करने के एक महीने बाद किया गया, जिसमें विदेशी सहायता पर 90 दिनों के लिए अस्थायी रोक लगाई गई थी।

USAID द्वारा विवादास्पद वित्त पोषण का खुलासा

1. इजराइल में हिंसा रोकने के लिए सहायता, लेकिन समय पर नाकाम दस्तावेजों के अनुसार, USAID ने 5 लाख डॉलर का फंड इजराइल में सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए दिया, लेकिन यह सहायता 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास हमले से मात्र 10 दिन पहले दी गई, जिसमें कम से कम 1,200 लोग मारे गए थे।

2. वुहान लैब में वायरस अनुसंधान को वित्त पोषण USAID ने 5 मिलियन डॉलर EcoHealth Alliance को दिए, जो वुहान लैब में चमगादड़ों पर वायरस अनुसंधान करने वाली प्रमुख गैर-सरकारी संस्थाओं में से एक थी।

3. आतंकवादी संगठन को भोजन सहायता रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 10 मिलियन डॉलर की USAID-प्रायोजित भोजन सहायता अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी संगठन को भेजी गई।



4. LGBT परियोजनाओं पर करोड़ों डॉलर खर्च

ट्रंप प्रशासन के दस्तावेजों में यह भी बताया गया कि USAID ने विभिन्न देशों में LGBT समूहों और उनकी गतिविधियों के लिए भारी धनराशि दी। ट्रंप प्रशासन इस विषय को अमेरिकी नीति से बाहर करने की योजना बना रहा था।

श्रीलंकाः पत्रकारों को बाइनरी-लैंग्वेज से बचाने की ट्रेनिंग – $7.9 मिलियन

ग्वाटेमालाः लिंग परिवर्तन और LGBT गतिविधियों के लिए – $2 मिलियन

आर्मेनिया: LGBT समूहों को सहायता – $1.1 मिलियन

जमैका: LGBT वकालत को बढ़ावा देने के लिए – $1.5 मिलियन

लैटिन अमेरिका- उद्यमिता के माध्यम से LGBT समानता को बढ़ावा देने के लिए – $2 मिलियन

पश्चिमी बाल्कन: LGBT कार्यक्रमों के लिए ङ्क 3.9 मिलियन

युगांडा: LGBT समर्थन के लिए – $5.5 मिलियन विश्व स्तर पर प्राथमिकता वाले देशों में LGBT अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए – $6 मिलियन

दक्षिण अफ्रीकाः समलैंगिक पुरुषों के लिए – $6.3 मिलियन

अन्य बेतुके प्रोजेक्ट्स पर खर्च USAID के अन्य विवादास्पद परियोजनाओं में शामिल हैं-

$25 मिलियन - जॉर्जिया में ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने के लिए

$6 मिलियन - डिजिटल स्पेस को नारीवादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से जोड़ने के लिए

$1.3 मिलियन - यहूदी और अरब फोटोग्राफरों के लिए

$8.3 मिलियन - USAID शिक्षाः समानता और समावेश प्रोजेक्ट के लिए

$4.5 मिलियन - कजाकिस्तान में भ्रामक सूचनाओं से निपटने के लिए

ट्रंप प्रशासन की प्रतिक्रियाः USAID अब जवाबदेह होगा डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने कहा कि SAID के अधिकारी दशकों से किसी के प्रति जवाबदेह नहीं थे, लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। प्रशासन ने X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कियाः राष्ट्रपति ट्रंप बेकार की फंडिंग, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोक रहे हैं! टेक अरबपति एलन मस्क ने भी इस खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह करदाताओं के पैसे की बर्बादी है।

## सोशल मीडिया से

## 60 वर्ष की आयु

एक अध्ययन में बताया गया कि 51 त्न से अधिक बुजुर्ग सीढ़ियां चढ़ने के दौरान गिर जाते हैं। हर साल सीढ़ियां चढ़ते समय गिरने से से 20000 मौतें होती हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि 60 वर्ष की आयु के बाद निम्नलिखित काम खुद ना करें, या किसी की मदद के बग़ैर ना करें-

1. तेजी से सीढ़ियों(Stairs)/सीढ़ी (Ladder)पर चढ़ना/उतरना
2. बहुत तेजी से मुड़ना/घूमना
3. अपने पैरों पर झुकना
4. खड़े होकर पैंट पहनना
5. बैठे से, एकदम से उठना
6. तेज़ी से बाएँ - दाएँ मुड़ना द्य
7. एकदम से पीछे हटना
8. भारी सामान उठाने के लिए झुकना
9. अचानक बिस्तर से खड़े हो जाना
10. बहुत तनाव में रहना

60 साल की उम्र के बाद कोशिश करें कि उपरोक्त 10 काम न करें !

वृद्धावस्था की चार आम समस्याएं

1. गले में भोजन फंसने से दम घुटना।
2. गलत तकिये का प्रयोग
3. पैर में ऐंठन।
4. पैरों में झुनझुनी होना।

### मदद कैसे करें

**1. भोजन करते समय साँस अटकना-** आपको केवल हाथ ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हाथों को सिर के ऊपर उठाने से आपके गले में फंसा खाना अपने आप नीचे चला जाएगा।

**2. गलत तकिया -** कभी-कभी जब आप उठते हैं तो आपको गर्दन में दर्द महसूस होता है। तकिया गलत होने पर क्या करें? आपको केवल अपने पैरों को ऊपर उठाने की जरूरत है, फिर अपने पैर की उंगलियों को खींचकर दक्षिणावर्त (ClockWise) या वामावर्त (AntiClockWise) दिशा में मालिश करें।

**3. पैरों में ऐंठन-** जब आपके बाएं पैर में ऐंठन महसूस हो, तो अपने दाहिने हाथ को ऊपर उठाएं, जब आपके दाहिने पैर में ऐंठन हो, तो अपने बाएं हाथ को ऊपर उठाएं, यह तुरंत बेहतर महसूस करेगा।

**4. झुनझुनी पैर-** जब बायां पैर झुनझुनी हो तो अपनी दाहिनी हथेली को अपनी पूरी ताकत से घुमाएं, जब दायां पैर झुनझुनी हो तो अपनी बाईं हथेली को अपनी पूरी ताकत से घुमाएं।

बस इस जानकारी को
सेव न करें।
कृपया बाँटें।
कौन जाने...
आप किसी और को बचा सकते हैं।
स्वस्थ रहें मस्त रहे
हमेशा हंसते रहे
पानी खूब पीए

# राष्ट्रीय डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में 8-डॉग्स करेंगे MP का प्रतिनिधित्व

### सूंघने, हाई जंप और खोई चीजें ढूंढने में माहिर; भोपाल में चल रही खास ट्रेनिंग

**भोपाल।** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस मीट में होने वाली डॉग प्रतियोगिता में भोपाल से 8 डॉग प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी की मध्यप्रदेश पुलिस डॉग ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग चल रही है।

असिस्टेंट कमांडेंट नीरज ठाकुर ने बताया कि ये डॉग्स राष्ट्रीय डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जो रांची (झारखंड) में आयोजित होगी। वहीं, पुलिस मीट के दौरान अलग-अलग राज्यों की टीमें कई इवेंट्स में हिस्सा लेंगी। यह मीट 10 से 15 फरवरी तक चलेगी।

इस समय सभी डॉग्स की तैयारी जोरों पर है। पिछली बार यह पुलिस मीट लखनऊ में हुई थी, जिसमें मध्यप्रदेश पुलिस ने 40 मेडल जीते थे। प्रतियोगिता के लिए डॉग्स की विशेष ट्रेनिंग प्रधान आरक्षक ग्यास उद्दीन खान करवा रहे हैं। इस टीम में संदीप परिहार, रामचंद्र भारती, शैलेंद्र, दीपक, बालकराम, नीरज डहरीया और रामचंद्र शामिल हैं।



**स्क्वायड में 52 नए डॉग्स शामिल होंगे-** असिस्टेंट कमांडेंट ने बताया कि ऑल इंडिया लेवल पर हैदराबाद से 52 नए डॉग्स की खरीद की जा रही है। इसमें डॉबरमैन, जर्मन शेफर्ड और लेब्राडोर जैसी कई ब्रीड के डॉग्स शामिल हैं। ये डॉग्स फरवरी महीने के अंत तक ट्रेनिंग सेंटर में पहुंच जाएंगे।

निरीक्षक प्रकाश नारायण शर्मा के मुताबिक इन डॉग्स की खरीद उनकी सूंघने की क्षमता, स्वभाव, कद और शारीरिक बनावट जैसे कई शारीरिक मापदंडों की जांच के बाद की जाती है। खरीद के बाद डॉग्स और उनके ट्रेनर्स की संयुक्त ट्रेनिंग होती है। ट्रेनर्स की बेहतर ट्रेनिंग के लिए कई सेशन और अध्ययन कराया जाता है।

**ट्रेनिंग के बाद प्रदेशभर के जिलों में तैनाती-** निरीक्षक प्रकाश नारायण शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग के बाद डॉग्स की तैनाती अलग-अलग जिलों में होती है। इसके बाद ये डॉग्स केस सॉल्व करने, गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस, स्मृति दिवस और पुलिस समिट में भाग लेते हैं।

# जीआईएस में तीन एक्सपो बनेंगे निवेशकों के आकर्षण का केंद्र

### सुपर कार, सुपर बाइक्स के साथ टेक्सटाइल, गारमेंट और ओडीओपी की होगी ब्रांडिंग

**भोपाल।** भोपाल के ढाई सौ एकड़ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को आकर्षक बनाने के लिए सरकार तीन बड़े एक्सपो भी आयोजित करने जा रही है। ये तीनों एक्सपो नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं।

साथ ही भोपाल और आस-पास के इलाकों में बढ़ने वाली इंडस्ट्रीज को भी ध्यान में रखा गया है। इनमें सबसे आकर्षक मोबिलिटी एक्सपो होगा, जिसमें शामिल होने वाली सुपर कार और सुपरबाइक्स युवाओं को आकर्षित करेंगी।

इसके साथ ही बिजनेस सेक्टर और मध्यमवर्ग की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए टेक्सटाइल और गारमेंट एक्सपो भी लगाया जाएगा। सरकार ने प्रदेश के हर जिले में खास पहचान रखने वाले वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (एक जिला एक उत्पाद) को भी एक्सपो का हिस्सा बनाने का फैसला लिया है।

**एमपी मोबिलिटी एक्सपो 2025–** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (त्नढ्ढस्) के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो के जरिए प्रदेश की ऑटोमोटिव सेक्टर में हुई प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके जरिए मध्य प्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। प्रदेश ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में देश में एक महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। यहां 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं के साथ अगली पीढ़ी की मोबिलिटी को ध्यान में रखकर काम हो रहा है। कई कंपनियां अपनी ईवी सुविधाओं की स्थापना में तेजी ला रही हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर यह बदलाव मध्य प्रदेश की पर्यावरण अनुकूल परिवहन नीति को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की रणनीति का हिस्सा है।

# सड़कों की क्वालिटी में कसावट लाने इंस्पेक्शन: साफ्टवेयर से चिन्हित की सड़कें, सात जिलों में मंत्री के निर्देश पर हुई औचक जांच

**भोपाल।** प्रदेश में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के काम में कसावट लाने के लिए सड़कों के निर्माण का औचक निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। सभी सात जिलों में पांच-पांच निर्माण कार्यों को औचक निरीक्षण करने के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्थान चिह्नित किए गए। इंस्पेक्शन किए गए तीन कार्य निर्माणाधीन थे एवं दो कार्य परफॉर्मेंस गारंटी वाले थे। इन 5 निर्माण कार्यों में से एक कार्य भवन निर्माण का था।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं के दलों ने औचक निरीक्षण किया। इन औचक निरीक्षणों की खास बात यह रही कि दो दिन पहले तक किसी को यह नहीं पता था कि कौन सा निरीक्षण दल किस जिले में किन निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने वाला है।

**रेंडम आधार पर किया गया जिलों का चयन–** औचक निरीक्षण के लिये सात जिलों का चयन रेंडम आधार पर किया गया, जिसमें भोपाल परिक्षेत्र से भोपाल, ग्वालियर परिक्षेत्र से ग्वालियर, जबलपुर परिक्षेत्र से कटनी, इंदौर परिक्षेत्र से धार, रीवा परिक्षेत्र से शहडोल, उज्जैन परिक्षेत्र से रतलाम एवं सागर परिक्षेत्र से पन्ना जिला शामिल था।

**इंस्पेक्शन के लिए विशेष साफ्टवेयर तैयार–** मंत्री सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन औचक निरीक्षणों के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस सॉफ्टवेयर से सबसे पहले रेंडम आधार पर मुख्य अभियंताओं के दल निर्मित किए गए और रेंडम आधार पर इन्हें एक-एक जिले का आवंटन किया गया। औचक निरीक्षण के एक दिन पहले इन दलों को रेंडम आधार पर चयनित पांच-पांच निर्माण कार्यों की सूची प्रदान की गई। सड़क निर्माण कार्यों में सामग्री के नमूने लेने के लिए रेंडम चैनेज भी सॉफ्टवेयर से ही जनरेट की गई। प्रदेश के सात जिलो में चयनित 35 कार्यों में से 21 कार्य पीडब्ल्यूडी सड़क एवं पुल के थे, 6 कार्य भवन निर्माण के थे, 6 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 1 कार्य मप्र भवन विकास निगम एवं 1 कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग का शामिल किया गया।

**साफ्टवेयर पर अपलोड करनी है निरीक्षण रिपोर्ट–** मंत्री सिंह के निर्देशानुसार सभी निरीक्षण दलों को उसी दिन अपनी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सीधे सॉफ्टवेयर पर अपलोड करनी है। इन रिपोर्ट्स की समीक्षा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लिए गए सैंपल्स की लैब रिपोर्ट भी 3 दिन के अंदर प्राप्त कर सीधे सॉफ्टवेयर पर ही अपलोड की जाएगी।

